खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

देहरादून, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 8 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध लगातार जारी लापरवाह, युद्ध भड़काने और घृणास्पद टिप्पणियों की खबरें देखी हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाज़ी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना-माना तरीका है।

# किश्तवाड़ में बादल फटा, 46 मरे

## 28 लोगों के शव बरामद, 65 को बचाया, करीब 200 श्रद्धालु अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 46 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 98 लोग लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



- चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे
- बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

### पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

## पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

- जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला, कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था।










आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें



**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाकामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: 1800 296 1111

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: 8954666111, 8954666222 (प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रात: 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार पर देखें।




डेन्टल केयर — देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।

हेयर केयर — जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।

पर्सनल केयर — एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




फूड प्रोडक्ट्स — देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।

हेल्थ केयर — पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

होम केयर — हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता अधिकार के लिए बिहार में शुरू करेंगे यात्राएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने, लोकतंत्र बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिए बिहार में 17 से 30 अगस्त तक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता हिस्सा लेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से इन यात्राओं की शुरुआत करेंगे और फिर कटिहार, मधुबनी आदि कई स्थानों से होते हुए यात्रा का 30 अगस्त को पटना में समापन किया जाएगा।

### महबूबा ने अदालत की बात को सराहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में दायर याचिका में बहस के समय उच्चतम न्यायालय का पहलगाम आतंकवादी हमले का ज़िक्र करना, इस क्षेत्र की स्थिरता को लेकर भारत सरकार के अविश्वास को दर्शाता है। विदित हो कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से आठ सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से 'पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी ज़मीनी हकीकतों' से अवगत रहने को कहा। इसमें जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक ने याचिका दायर की है। सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का हालिया पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करना इस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति केन्द्र सरकार के निरंतर अविश्वास को रेखांकित करता है।

# ईसी हमें दे वाराणसी की वोटर लिस्ट: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित 'वोट चोरी' आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।

खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है, तो वहीं चेहरे अनेक हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया। इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है। खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कांफ्रेंस में छह और फर्जी वोटर का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जब प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो तुरंत नोटिस आ गया, लेकिन ठाकुर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करे हुए 24 घंटे हो गए हैं। इसके बाद भी उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। ठाकुर को छह लोकसभा में गड़बड़ी के आंकड़े छह दिन में मिल गए। हमें छह महीने लगे इन्हें छह दिन में कैसे मिले? चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने जो सबूत दिए वो एक आपराधिक मामला है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 86 गैलेंट्री अवार्ड का ऐलान

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ आफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र**

भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में एलओसी की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, सीआरपीएफ के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

## यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक




**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं।

शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रा दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा, उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएम ने किया प्रहार**

# कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति ने देश को तोड़ा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवासियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभाजन के बाद उपजी हिंसा और उससे प्रभावित लोगों से संबंधित डिजिटल आर्काइव फोटो, अखबार कतरनें, राजकीय अभिलेख और विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवाओं को तुष्टिकरण की कीमत उस दौर की वेदना से अवगत कराया गया। योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने विपक्ष को बनाया कूप मंडूप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार डेवलपमेंट अर्थारिटी ने समूचे विपक्ष को कूप मंडूप बना दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने 1947 से 2017 तक विपक्षी दलों के शासनकाल की तुलना अपनी सरकार के 2017 से 2025 तक के कार्यकाल से की और विपक्ष पर परिवारवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा जबकि उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और समाज को सुरक्षित बनाने में सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है, जो निवेशकों और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

# भाजपा ने साबित किया पिछड़ गया यूपी: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र ने पहली बार 24 घण्टे सदन चलाने का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं।

यादव ने एक्स पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के झपकी लेने और विपक्षी नेताओं के सेल्फी लेने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष। भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे। उन्होंने लिख- जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है।

### अखिलेश को नहीं दिखते पीड़ितों के आंसू: पूजा पाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर समाजवादी पार्टी से निकाली गई इलाहाबाद पश्चिमी सीट से विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश को 30 साल से पीड़ित पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं, तो दिख रहा है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# लिवाली से मजबूत हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा कमजोर बने रहने के बावजूद एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के साथ इंफोसिस और इटरनल जैसी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बढ़त में बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई का सेंसेक्स 57.75 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 80,597.66 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 24,631.30 अंक पर रहा। वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली के कारण एनएसई का निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.38 फीसद टूट गया। निवेशकों ने बैंकिंग के अलावा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी और फार्मा कंपनियों में पैसा लगाया। वहीं धातु, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

### यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 0.2 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों के खंड में अच्छे प्रदर्शन के कारण वाहन निर्माता कंपनियों ने इस साल जुलाई में घरेलू बाजार में 19,77,442 वाहन बेचे, जो जुलाई 2024 के 18,42,296 वाहनों की तुलना में 7.33 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहनों की बिक्री में एक साल पहले के मुकाबले जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं दुपहिया वाहनों में तेजी रही। भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार गत जुलाई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 0.2 प्रतिशत घटकर 3,40,772 इकाई पर रह गई। दुपहिया के खंड में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 6,43,169 इकाई रही। मोटरसाइकिल की बिक्री 4.7 फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पर पहुंच गई।

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,809 रुपए बढ़कर 99,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,083 रुपए बढ़कर 1,15,100 रुपए पर पहुंच गया है।

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' की

**नई दिल्ली, वार्ता**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने आर्थिक मजबूत और सतत वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर भारत की रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बदलकर 'बीबीबी' कर दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को बताया कि उसने भारत का परिदृश्य भी 'नकारात्मक' की जगह 'स्थिर' कर दिया है।

एजेंसी ने कहा कि भारत वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दे रहा है, जो बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ आम लोगों को उनकी सीमा के भीतर वित्त उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दिखाता है। उसने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन साल में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने रहेंगे जिससे विकास को गति मिलेगी। साथ ही मौजूदा मौद्रिक नीतियों के कारण मुद्रास्फीति प्रबंधन सही दिशा में जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि इन्हीं कारकों की वजह से उसने भारत की दीर्घावधि रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बढाकर 'बीबीबी' और आउटलुक स्टेबल कर दिया गया है। इसके अलावा अल्पकालिक रेटिंग 'ए-2' से बढ़ाकर ए-3 कर दी गई है। हालांकि स्थानांतरण एवं परिवर्तनीयता आकलन 'ए माइनस' से घटाकर 'बीबीबी प्लस' कर दिया गया है। एजेंसी का कहना है कि सतत नीतिगत स्थिरता और बुनियादी ढांचे पर भविष्य के लिए परिदृश्य स्थिर है, जो देश की दीर्घावधि विकास यात्रा में सहायक होगा। उसने कहा कि अगले दो साल में नीतिगत और मौद्रिक उपायों से सरकार पर ऋण का बोझ कम होगा, जिसे रेटिंग में और सुधार आएगा। साथ ही उसने चेतावनी दी कि राजनीतिक प्रतिबद्धता कम होने पर वह रेटिंग घटा सकती है और यदि रोजकोषीय घाटा कम होता है, तो वह रेटिंग बढ़ा भी सकती है। उसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और साल 2022 से 24 तक उसकी औसत विकास दर 8.8 प्रतिशत रही।




# भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें छात्र: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी छात्रों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने की दिशा में काम करने को कहा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये बच्चे अंडमान और निकोबार कमान की सात दिन की राष्ट्रीय एकता यात्रा 'आरोहण: द्वीप से दिल्ली' के अंतर्गत यहां आए हैं। ये छात्र शुक्रवार को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर ज़ोर दिया और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से ज़ोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अध्यक्ष एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### स्मृति दिवस पर राजनाथ और अमित शाह की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में भारत के विभाजन की भयावहता को याद करते हुए उस विभाजन में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद करते हुए देश में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर सिंह ने देश के इतिहास के उस 'दर्दनाक अध्याय' को याद करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 1947 के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हुए मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें भारत के विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणामों को सहना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।







## कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक: 2559 अगस्त 2025/विज्ञप्ति /अपील/2025-26 दिनांक: 14/8/2025

**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के समस्त नगरवासियों को 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई।**

**अपील**

1- डेंगू के प्रकोप से बचने के लिये अपने आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें।
2- स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
3- नालियों में कूड़ा करकट न फेंके।
4- घरों का कूड़ा कूड़ेदान या कूड़े वाली गाडी में ही पृथक-पृथक डालें।
5- नगर निगम कोटद्वार द्वारा आरोपित करों का समय पर भुगतान करें।
6- नगर निगम कोटद्वार की सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाये।
7- नगर निगम कोटद्वार को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग करें।

| पी०एल० शाह<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार। | समस्त<br>पार्षदगण<br>नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार। | शैलेन्द्र सिंह रावत<br>महापौर<br>नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार। |
|---|---|---|

## उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
**79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग द्वारा राज्य में महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा, उत्पीड़न इत्यादि को रोकने के लिए निम्नवत कार्य किये जाते हैं।

1. आयोग में पीड़ितों द्वारा डाक, ई-मेल एवं व्हाट्स एप के माध्यम से शिकायती प्रार्थना-पत्र पर उचित कार्यवाही की जाती है।
2. समाचार पत्र/मीडिया के माध्यम से आयोग के संज्ञान में आयी घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाती है।
3. आयोग में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु उन्हें निःशुल्क विधिक जानकारी व परामर्श प्रदान किया जाता है।
4. महिलाओं को घरेलू, मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न से मुक्ति के लिए पीड़ित महिला व उसके द्वारा की गयी शिकायत में नामित विपक्षियों को बुलाकर, उनके मध्य काउंसलिंग करवाते हुए उन्हें उचित परामर्श दिया जाता है।
5. जिन प्रकरणों में शासन द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया है, उन पर दिशानिर्देशानुसार कार्यवाही करायी जाती है।
6. [illegible]
7. किसी सरकारी या गैर-सरकारी विभाग में कार्यरत महिला का कार्यस्थल पर शोषण होने सम्बन्धी शिकायत पर आयोग द्वारा पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु कार्यवाही की जाती है।
8. आयोग द्वारा राज्य के दूरस्थ जनपदों में कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन कराया जाता है।
9. [illegible]
10. आयोग द्वारा समय-समय पर जनपदों में विभागीय स्तर की समीक्षा बैठक का आयोजन कराया जाता है।
11. आयोग द्वारा असहाय व पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेन्टर एवं नारी निकेतन में भेजने हेतु आवश्यक निर्देश दिया जाता है।
12. आयोग द्वारा पीड़ित महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता दिलाये जाते हैं।
13. आयोग द्वारा विभिन्न जनपदों में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र एवं स्पा सेन्टरों में भी औचक निरीक्षण सम्बन्धी कार्यवाही की जाती है।

**उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की प्रमुख उपलब्धियाँ व प्रयास**

1. [illegible]
2. आयोग द्वारा राज्य की महिला नीति का अन्तिम ड्राफ्ट तैयार कर के शासन को प्रेषित किया गया है।
3. [illegible]
4. [illegible]
5. [illegible]
6. [illegible]

उर्वशी चौहान, सदस्य सचिव
कार्यालय : [illegible] 248007
+918126774574 – women.commission.uk@gmail.com
www.ukscw.org.in
कुसुम कण्डवाल, माननीय अध्यक्ष

## BHUGAN INFRA CONSTRACTION PVT LTD
की ओर से सभी उत्तराखण्ड वासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की **हार्दिक शुभकामनाएं**

**स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी**
की सभी प्रदेश वासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



एडवोकेट **संदीप मोहन चमोली**
(प्रदेश प्रवक्ता)
उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी।
सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड।

समस्त प्रदेश वासियों को
**स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं**



**किरन रावत कश्यप**
केंद्रीय महामंत्री
व
केंद्रीय मीडिया प्रभारी
उत्तराखंड क्रांति दल



समस्त प्रदेश वासियों को
**स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं**



**डॉ. प्रतिमा सिंह**
प्रदेश प्रवक्ता
प्रदेश कांग्रेस कमेटी
उत्तराखण्ड।



**स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी**
की सभी प्रदेश वासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**चौधरी शीशपाल सिंह**
पूर्व
प्रदेश अध्यक्ष
बहुजन समाज पार्टी
उत्तराखण्ड।

भारत सरकार

# सभी देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



"अगर आज दुनिया सोचती है कि भारत एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है, तो उसके पीछे 11 साल का एक शक्तिशाली लॉन्चपैड है।"
- नरेन्द्र मोदी

CBC 46101/13/0016/2526

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण **सुबह 6:30 बजे** से दूरदर्शन नेटवर्क पर।

# पौड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला तो रुद्रप्रयाग में पूनम कठैथ बनी जिला पंचायतअध्यक्ष , उपाध्यक्ष सीट पर भी भाजपा की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी ।** जनपद गढ़वाल में जिला पंचायत चुनाव की मतगणना पूर्ण होने के उपरांत परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर रचना बुटोला ने जीत हासिल की है, जबकि उपाध्यक्ष पद पर आरती नेगी विजयी रहीं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर रचना बुटोला ने कुल 33 मत प्राप्त किए, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी दीपिका ईष्टवाल को 05 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर आरती नेगी को 18 मत और महेंद्र राणा को 14 मत मिले।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने परिणाम घोषित होने के पश्चात विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र रचना बुटोला की ओर से उनके प्रस्तावक भरत रावत ने प्राप्त किया, जबकि उपाध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र आरती नेगी ने स्वयं ग्रहण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी विकासखंडों में पूरी चुनाव प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

मतगणना केंद्रों पर पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। उन्होंने कहा कि जनपद के मतदाताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मतदान किया। साथ ही उन्होंने सभी मतदाताओं, प्रत्याशियों, प्रशासनिक व पुलिस दलों और



चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कार्मिकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

चुनाव पर्यवेक्षक ललित मोहन रयाल ने कहा कि पौड़ी गढ़वाल में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप एवं पूर्णत: पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुए हैं। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

**रुद्रप्रयाग।** जिला पंचायत अध्यक्ष सीट पर भाजपा की पूनम कठैत को विजयश्री मिली है, जबकि उपाध्यक्ष पद को भी कब्जाने में भाजपा सफल रही है। उपाध्यक्ष पद पर रितू नेगी ने जीत हासिल की है। दोनों को 9-9 मत प्राप्त हुए। जबकि एक-एक मत अवैध पाया गया। जिला पंचायत की 18 सीटों में 9 मत भाजपा प्रत्याशी पूनम कठैत को पड़े। उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण को आठ मत प्राप्त हुए, जबकि एक मत अवैध पाया गया। ऐसे में भाजपा की पूनम कठैत विजयी घोषित हुई।

रुद्रप्रयाग जिला पंचायत अध्यक्ष सीट कब्जाने को लेकर भाजपा ने पूरी जोर आजमाइश की। एक सप्ताह से भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी जिला पंचायत सदस्यों की घेराबंदी करने में लगी थी। माना जा रहा था कि भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, जबकि कांग्रेस के साथ निर्दलीय भी खड़े थे। ऐसे में भाजपा को डर सता रहा था, लेकिन बृहस्पतिवार को आए नतीजों ने सभी को हैरान कर दिया। भाजपा प्रत्याशी पूनम कठैत अध्यक्ष सीट को कब्जाने में सफल हुई। उन्हें 9 मत पडेघ् और कांग्रेस प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण को आठ मत पड़े, जबकि एक मत अवैध पाया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा का कब्जा रहा। भाजपा की रितू नेगी ने कांग्रेस प्रत्याशी संपंन नेगी को परास्त किया। रितू को 9 मत पड़े, जबकि संपंन को आठ और एक मत अवैध पाया गया।

# नान-टीचिंग पदों पर आवेदन की तिथि 25अगस्त तक बढ़ी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने ग्रुप-ए नान-टीचिंग पदों पर भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में नान टीचिंग के विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 18 अगस्त निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है। आवेदन केवल समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नई तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन की समय सीमा आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आवेदन पूर्ण करने की सलाह दी गई है।

# उत्तरकाशी: जिला पंचायत अध्यक्ष समेत पांच ब्लॉकों में खिला कमल

**उत्तरकाशी से रमेश चौहान बने निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष समेत पांच ब्लॉक प्रमुखों पर कब्जा जमाया है। जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष व नौगांव ब्लॉक प्रमुख पद पर निर्दय ने बाजी मारी है।

बता दें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी दीपक बिजल्वाण के भाजपा में शामिल होने से इतिहास में पहली बार उत्तरकाशी जिले से भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान निर्विरोध निर्वाचित हो गया है। हालांकि बाद में पौंटी-ईडक वार्ड से जिला पंचायत सदस्य सुखदेव सिंह रावत ने भी भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन दिया है।

इधर भाजपा ने इस बार प्रमुख पद पर भटवाडीघ् से श्रीमती ममता पंवार, डुंडा से राजदीप परमार, मोरी से रण देव राणा, निर्विरोध क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद पर निर्वाचित हुए है। वहीं चिन्यालीसौड़ में रणबीर महंत और पुरोला से निशिता शाह भी भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद निर्वाचित हुई कुल मिलाकर भाजपा को जिले में 6 प्रमुख में से नौगांव ब्लॉक और जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर हार का सामना करना पड़ा जबकि पूरे जिले में भाजपा को एकतरफा जीत हासिल की है । गौरतलब है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद दीपक बिजल्वाण के समर्थन से भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान निर्विरोध घोषित हो गये । वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद भाजपा से निष्कासित अंशिका जगूडी ने जीत दर्ज की है।

# कांग्रेस प्रत्याशियों को पड़े अवैध मतों पर मचा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर मतगणना के दौरान कलर के आधार पर कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रत्याशियों को पड़े एक-एक मत को अवैध घोषित करने से नाराज जिलेभर के कांग्रेसियों का आक्रोश कलक्ट्रेट में जा फूटा तथा देर रात तक धरने पर बैठ गए। आक्रोशित कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पंचायत एक्ट के मुताबिक पुनर्मतगणना कर मामले की जांच की मांग की। यह भी आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा के इशारे पर निर्वाचन आयोग जनतंत्र का माखौल उड़ा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन ने धरना स्थल पर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आक्रोश को शांत कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की मतगणना के दौरान उस समय बड़ा हंगामा हो गया, जब अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशियों के एक-एक मत इस कारण अवैध कर दिए गए कि मतदान में एक सदस्य द्वारा काली पेन का प्रयोग किया गया था, जबकि सदस्यों का कहना है कि मतदान के लिए प्रयुक्त होने वाली पेन मतदान स्थल पर मतदान में तैनात कार्मिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। मालूम हो कि कांग्रेस के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को काली पेन से पड़े मत को अवैध घोषित किए जाने से भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया। इसकी जैसे ही कांग्रेसियों को खबर लगी तो बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मतगणना स्थल कलक्ट्रेट



परिसर पहुंच गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे और केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग और सत्ताधारी भाजपा के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।

आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जिला पंचायत सदस्यों का आरोप था कि मतदान स्थल पर तीन पेन उपलब्ध करायी गई थी, जिसमें काली स्याही की पेन भी रखी गई थी तथा किसी भी सदस्य को यह नहीं बताया गया था कि काली पेन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। सदस्यों का यह भी आरोप था कि जब मतदान में काली स्याही की पेन का प्रयोग वर्जित था तो मतदान स्थल पर यह पेन क्यों उपलब्ध करायी गई। इसे एक साजिश करार देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग एवं सत्ताधारी भाजपा का षड़यंत्र बताया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देर रात तक कलक्ट्रेट परिसर में धरना दिया और मतगणना पर असंतोष जताया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने धरना स्थल पर पहुंचकर पूरी बात का संज्ञान लिया तथा आश्वास्त किया कि उनकी मांग आयोग को भेजी जाएगी।

पूर्व विधायक मनोज रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र बिष्ट, कुलदीप कंडारी, कांग्रेस नेता दिगम्बर गुसाई, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल आर्य, अंकुर रौथाण, राम सिंह बिष्ट, वीर सिंह बुडेरा, लक्ष्मण सिंह रावत आदि कांग्रेसियों ने रोष जताया कि कांग्रेस प्रत्याशियों को रोकने के लिए यह षड़यंत्र रचकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

आक्रोशित कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि रुद्रप्रयाग में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर हुए मतदान की पुनर्मतगणना पंचायत राज एक्ट के मुताबिक की जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में न्यायालय से भी पैरवी की जाएगी। साथ ही देर रात तक कांग्रेसी कार्यकर्ता मतदान की सीसीटीवी फुटेज दिखाने की भी मांग करते रहे।

आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे एक गंभीर साजिश बताते हुए जांच की भी मांग की। इस दौरान अध्यक्ष प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण, उपाध्यक्ष प्रत्याशी संपंन नेगी, जिला पंचायत सदस्य पवन लाल, सरोज राणा, अजयबीर भंडारी, कांग्रेस नेता कुंवर लाल आर्य, अर्जुन सिंह गहरवार, सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर .......

### भगत सिंह भंडारी चुने गए जिलाध्यक्ष

**कोटद्वार ।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद पौड़ी गढ़वाल की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी में भगत सिंह भंडारी को जिलाध्यक्ष चुना गया है। इस संबध में बुधवार को पदमपुर सुखरौ में संघ की आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी के दौरान संघ की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष के अलावा लक्ष्मण सिंह नेगी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, भोपाल सिंह रावत जिला मंत्री, पवन देवलियाल जिला कोषाध्यक्ष और दिलीप कुमार वर्मा वरिष्ठ संयुक्त मंत्री चुने गये। सूरज मनराल, मनोज शाह एवं उमेद सिंह नेगी ने निर्वाचन पर्यवेक्षक और प्रधानाचार्य बृजेंद्र सिंह नेगी ने निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाई। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विनोद थापा ने नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शखिर्सू में भाजपा के समर्थित प्रत्याषी अनिल भंडारी बने प्रमुख

### उत्तरकाशी जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंशिका जगूडी हुई विजय

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भाजपा से निष्कासित अंशिका जगूडी भारी समर्थन से विजय हुई है। भाजपाइयों ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों को ठेंगा दिखाकर पार्टी द्वारा निष्कासित को एक गुट ने एकतरपा वोट किया है। इससे भाजपा प्रदेश नेतृत्व को सीधे सीधे उत्तरकाशी भाजपाइयों ने आईना दिखा दिया है ।बता दें कि भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दीपेन्द्र कोहली था लेकिन भाजपा की आपशी गुटबाजी से हार का सामना करना पड़ा। विजय प्रत्याशी अंशिका जगूडी को 19 मत पड़े जबकि दीपेंद्र कोहली को महज 9 मतों से संतुष्टि करनी पड़ी है। अब इस चुनाव से भाजपा के अंतर्कलह पूरी तरह से खुलकर सामने आ गई है।

### जखोली में प्रमुख पद पर कांग्रेस की विनीता का कब्जा

**ज्येष्ठ प्रमुख पद पर नवीन व कनिष्ठ पर राजेन्द्र ने मारी बाजी**

**रुद्रप्रयाग।** जखोली ब्लॉक प्रमुख सीट पर कांग्रेस की विनीता चमोली ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को चार मतों से परास्त किया। उनकी प्रतिद्वंदी प्रिया को 18 मत पड़े, जबकि विनीता को 22 वोट पड़े। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर नवीन सेमवाल को 22 व राजेन्द्र प्रसाद को 18 मत पड़े। इसके अलावा कनिष्ठ उप प्रमुख पद पर राजेन्द्र सिंह रावत को 22 व जगत सिंह को 18 मत पड़े। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने कहा कि लम्बे समय से जखोली ब्लॉक प्रमुख की सीट कांग्रेस की झोली में आ रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विनीता चमोली पर विश्वास जताकर उन्हें प्रमुख बनाया है। उनकी जीत से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# ऊखीमठ में निर्दलीय पंकज शुक्ला बने प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद पर निर्दलीय प्रत्याशी पंकज शुक्ला ने बाजी मारी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा अधिकृत प्रत्याशी गजेन्द्र चौधरी को एक मत से पराजित किया, जबकि ज्येष्ठ प्रमुख पद पर राकेश नेगी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुमन देवी को पांच मतों से पराजित किया तथा कनिष्ठ प्रमुख पद पर प्रदीप त्रिवेदी ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी योगिता रावत को एक मत से परा. जित किया। प्रमुख पद पर जीत दर्ज करने के बाद पंकज शुक्ला ने समर्थकों के साथ राज्य आन्दोलनकारी अमर शहीद अशोक कैशिव के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ऊखीमठ व गुप्तकाशी में विजय जुलूस निकालकर जनता का आभार व्यक्त किया।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद पर निर्दलीय प्रत्याशी पंकज शुक्ला ने 18 मत हासिल किए, जबकी भाजपा अधिकृत प्रत्याशी गजेन्द्र चौधरी को 17 मतों पर ही संतोष होना पड़ा तथा निर्दलीय प्रत्याशी पंकज शुक्ला ने एक मत से जीत हासिल की। क्षेत्र पंचायत ज्येष्ठ प्रमुख पद पर राकेश नेगी ने 20 मत हासिल किए, जबकि सुमन देवी को 15 मतों पर सन्तोष होना पड़ा तथा राक. ेश नेगी ने पांच मतों से जीत दर्ज की। क्षेत्र पंचायत कनिष्ठ प्रमुख पद पर प्रदीप त्रिवेदी ने 18 मत हासिल किए, जबकि योगिता रावत को 17 मत मिले। जिससे प्रदीप त्रिवेदी ने एक मत से जीत हासिल की।

नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला ने सभी जनप्रति. निधियों व जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा व उम्मीदों के साथ जनता ने उन पर भरोसा कर क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद पर आसीन होने का आशीर्वाद दिया, उसी प्रकार विकासखंड ऊखीमठ के चहुंमुखी विकास के लिए जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किया जायेगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण, पूर्व अध्यक्ष रीता पुष्वाण, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री आनंद सिंह रावत, गुरिल्ला संगठन जिलाध्यक्ष बसन्ती रावत, निवर्तमान कनिष्ठ प्रमुख शैलेन्द्र कोटवाल, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा, गणेश तिवारी, मनीष बगवाड़ी, सुभाष अंथवाल सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

# क्रॉस कंट्री दौड़ में अरुण व तान्या रही अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि के खेल मैदान में अंडर 16 बालक एवं बालिकाओं की जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल समन्वयक शिव सिंह नेगी व जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का आरंभ किया।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व अगस्त्यमुनि के खेल मैदान में क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग की तीन किमी दौड़ में केंद्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि के अरुण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि के मानव ने दूसरा जबकि केंद्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि के अक्षुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं तथा बालिका वर्ग की दो किमी की दौड़ में केंद्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि की तान्या भट्ट, चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि की काव्या बुटोला तथा केंद्रीय विद्यालय अगस्त्यमुनि की आरुषी गैरोला ने क्रमश: पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

# कैबिनेट मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने दी विजेता प्रत्याशियों का बधाई

**श्रीनगर।** श्रीनगर विधानसभा के खिर्सू ब्लॉक में सम्पन्न हुए प्रमुख चुनावों में भाजपा ने परचम लहराया है। गुरुवार को सम्पन्न हुए पंचायत प्रमुख चुनाव में भाजपा के अनिल भंडारी आठ वोटों से कांग्रेस के सरत सिंह को शिकस्त देकर ब्लॉक प्रमुख बने हैं। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर भाजपा के नितिन रावत ने कांग्रेस की लता देवी को 6 वोट से हराया है, जबकि कनिष्ठ प्रमुख पद पर भाजपा की बरदासी देवी ने कांग्रेस की रानी देवी को 6 वोटों से मात दी है।



खिर्सू ब्लॉक में भाजपा की जीत पर कैबिनेट मंत्री ने नवनिर्वाचित प्रमुख अनिल भंडारी को बधाइयां एवं शुभकामनायें दी हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, संगठन की एकजुटता और भाजपा सरकार की नीतियों की जीत है। कहा कि श्रीनगर विधानसभा के सभी ब्लॉकों में भाजपा की जीत ने एक तरफ 2027 विधानसभा का आगाज कर दिया है तो दूसरी ओर पंचायत चुनाव में जनता ने कांग्रेस को भी एक बार फिर नदारद कर दिया है।

# 9 वि0 में पंचायत चुनाव के नतीजे घोषित, भाजपा-कांग्रेस और निर्दलीयों का मिला-जुला प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के 9 विकासखंडों में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख और कनिष्ठ प्रमुख पदों के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए, जिनके नतीजों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग राजनीतिक तस्वीर पेश की। कहीं भाजपा का पलड़ा भारी रहा, तो कहीं कांग्रेस और निर्दलीयों ने अपना दमखम दिखाया।

जिले के सबसे बड़े विकासखंड भिलंगना में भाजपा प्रत्याशी राजीव कंडारी ने ब्लॉक प्रमुख पद पर 28 मत प्राप्त कर स्पष्ट जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेंद्र बिष्ट को 12 मत मिले। ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर प्यार सिंह बिष्ट ने 18 मत पाकर जीत हासिल की, जबकि नित्यानंद कोठियाल को 11 और प्रियंका नेगी को 7 मत मिले। चार मत अमान्य घोषित हुए। कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए हुए चुनाव में कृष्णा गैरोला ने 17 मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि सुरेंद्र रावत को 11 और पूनम को 10 मत मिले, दो मत अमान्य रहे। विकासखंड प्रतापनगर में ब्लॉक प्रमुख पद पर भाजपा प्रत्याशी मनीषा पंवार ने दो मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 21 मत मिले, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी गंगा नेगी को 19 मत प्राप्त हुए। कनिष्ठ प्रमुख पद पर भाजपा के विशन सिंह रांगड़ ने 23 मत लेकर जीत दर्ज की, जबकि नरेश नेगी को 17 मत मिले। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर प्रकाश रमोला पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे। चुनाव परिणाम आने के बाद मनीषा पंवार और विशन सिंह रांगड़ ने समर्थकों के साथ प्रतापनगर बाजार में विजयी जुलूस निकाला। इस दौरान विधायक बिक्रम सिंह नेगी, पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला, नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ और व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर राणा सहित भाजपा के कई स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। विजयी जुलूस में ढोल-नगाड़ों की थाप, आतिशबाजी और फूल-मालाओं से माहौल जश्न में डूब गया। दूसरी ओर, जौनपुर विकासखंड में इस बार निर्दलीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा को तगड़ा झटका दिया। ब्लॉक प्रमुख पद के हाई-वोल्टेज मुकाबले में निर्दलीय प्रत्याशी सीता पंवार ने भाजपा की पूर्व ब्लॉक प्रमुख सीता रावत को केवल दो मतों के अंतर से पराजित किया। कुल 40 मतों में से सीता पंवार को 21 और सीता रावत को 19 मत प्राप्त हुए। अंतिम परिणाम घोषित होते ही पंवार समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरे क्षेत्र में "सीता पंवार जिंदाबाद" के नारे गूंजने लगे।

ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर भी निर्दलीय प्रत्याशी जय कृष्ण उनियाल ने 21 मत प्राप्त कर दो मतों से जीत दर्ज की, जबकि कनिष्ठ उप प्रमुख पद पर मंजू पंवार ने भी 21 मत लेकर भाजपा को तीसरी बार पराजित किया। तीनों अहम पदों पर हार ने भाजपा खेमे में निराशा फैला दी। वहीं, विजयी प्रत्याशियों के समर्थन में थत्यूड़ बाजार में जश्न मनाया गया। आतिशबाजी माहौल देशभक्ति और उत्साह से भर गया।

# थराली में प्रवीण,नारायणबगड़ में गणेश ,देवाल में तेजपाल बने ब्लॉक प्रमख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली** जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष समेत सभी विकासखंडों के ब्लॉक प्रमुख ,ज्येष्ठ प्रमुख और कनिष्ठ प्रमुखों के चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गए हैं नारायणबगड़ में क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ हुई छीनाझपटी की घटना के अलावा थराली और देवाल में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ सुबह 10 बजे से 3 बजे तक मतदान की प्रक्रिया के साथ ही 3 बजे बाद मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हुई

थराली विकासखण्ड में ब्लॉक प्रमुख पद पर कांग्रेस ने परचम लहराया यहां कांग्रेस के ब्लॉक प्रमुख पद के प्रत्याशी प्रत्याशी और कुलसारी सीट से क्षेत्र पंचायत



सदस्य प्रवीण पुरोहित ने 15 मत प्राप्त कर विजय हासिल की वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा अधिकृत प्रत्याशी भानुप्रकाश को 7 मत प्राप्त हुए वहीं 1 मत रद्द हुआ इस विकासखण्ड में ज्येष्ठ प्रमुख पद पर कांग्रेस के ही नवनीत रावत और कनिष्ठ प्रमुख पद पर राजेश चौहान पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे

वहीं देवाल विकासखण्ड में भाजपा ने प्रमुख प्रत्याशी घोषित ही नहीं किया यहां भाजपा पृष्ठभूमि के तेजपाल रावत 11 मत प्राप्त कर विजय हासिल कर ब्लॉक प्रमुख बने वहीं कांग्रेस का समर्थन प्राप्त होने के बावजूद ब्लॉक प्रमुख पद के दूसरे दावेदार रमेश गड़िया 8 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने अपने मताधिकार का प्रयोग ही नही किया आशंका जताई जा रही है कि देवाल विकासखण्ड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवीदत्त कुनियाल ने हाल ही में एक वीडियो जारी कर प्रमुख चुनावो में धनबल का प्रयोग होने पर आपत्ति जताते हुए अपने मत का प्रयोग न करते हुए इस्तीफा देने की बात कही थी देवाल विकासखण्ड में दीपक सिंह गड़िया 11 मत प्राप्त कर ज्येष्ठ प्रमुख और पिंकी देवी 11 मतों के साथ कनिष्ठ प्रमुख बनी

नारायणबगड़ विकासखण्ड में भाजपा ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी पर दांव खेलते हुए उन्हें ब्लॉक प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया लेकिन निर्दलीय उम्मीदवार गणेश चंदोला के सामने उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा यहां विजयी प्रत्याशी गणेश चंदोला को 14 मत प्राप्त हुए जबकि भाजपा अधिकृत प्रत्याशी यशपाल नेगी को 11 मत प्राप्त हुए यहां ज्येष्ठ प्रमुख पद पर 14 मतों के साथ देवेंद्र सिंह जबकि कनिष्ठ प्रमुख पद पर 15 मतों के साथ भूपेंद्र सिंह विजयी हुए

# चिन्यालीसौड़ में पर्ची डालकर रणबीर महंत बने प्रमुख

**चिन्यालीसौड़** (उत्तरकाशी): चिन्यालीसौड़ ब्लाक प्रमुख में दो प्रत्याशी भाजपा से रणबीर महंत और निर्दलीय में मदन नेगी मैदान में थे । दोनों प्रत्याशियों को 17 ;17 वोट पड़े। आर ओ डॉ एच एस बिष्ट ने पर्ची डाली जिसमें रणवीर महंत विजय घोषित हुए।वही कनिष्ठ प्रमुख में भी गणेश नौटियाल व भानुप्रिया थपलियाल को भी 17;17 वोट पड़े इनमें भी भानु भानुप्रिया थपलियाल लाटरी के माध्यम से जीत हासिल की। जेख्ठ उपप्रमुख में सुमित्रा असवाल 18 और पूनम नेगी को 16 बोट पडे दो वोट से सुमित्रा असवाल जीती।

# कीर्तिनगर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अंचला बनी ब्लॉक प्रमख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड त्रिस्तरीय ग्राम प्रधान के साथ क्षेत्र और जिला पंचायत के सदस्यों के चुनाव समाप्त होने के बाद गुरूवार को विकास खंड (ब्लॉक) प्रमुखों की चुनाव प्रक्रिया भी सम्पन्न हो गई है। सुबह आठ बजे से शुरू हुए मतदान को लेकर भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार और समर्थक सुबह से ही ब्लॉक सभागार में बड़ी तादाद में पहुंचे। रिर्टनिंग ऑफिसर शिवम रावत ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख पद पर अंचला खण्डेवाल ने 10 मतों से विजय प्राप्त की। जबकि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी स्नेह लता शाह को 15 ही मत प्राप्त हुए। ज्येष्ठ



उपप्रमुख में जगत नारायण रतूड़ी ने रघुवीर सिंह को 8 मतों से परास्त किया। जगतनारायण रतूड़ी को 24 मत प्राप्त हुए। जबकि रद्युवीर सिंह 16 मतों से संतोष्ट करना पड़ा। कनिष्ठ उपप्रमुख पद पर प्रियंका देवी को 25 और भावना पंवार को 15 मत प्राप्त हुए। वहीं ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उपप्रमुख और कनिष्ट उपप्रमुख पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी के विजय होने भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। परिणाम की घोषणा होते ही देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी भी खुशी से झुम उठे। उन्होने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभाकामनाएं प्रेषित की। कहा कि एक बार फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हो रहे विकास कार्यों पर जनता की मुहर लगा दी है।

# एसटीएफ ने दिल्ली से दबोचा नाइजीरियन साइबर ठग

## सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने का था मास्टर माइण्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** साइबर अपराधिकयों पर नकेल कसने के लिए लगातार एसटीएफ द्वारा प्रयास किये जा रहे थे। एसटीएफ को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा साइबर अपराधियों पर नकले कसने और उनकों सलाखों के पीछे भेजे जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद हरकत में आई एसटीएफ टीम ने एक साईबर ठग को दिल्ली से धर दबोचा। इस संबंध में गुरूवार को एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी दी।



■ आरोपी झांसे में लेने के लिए सोशल मीडिया का करता था इस्तेमाल

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि देहरादून निवासी एक व्यक्ति ने विगत माह एक शिकायर्ती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि फेसबुक पर एक महिला ने स्वयं को एम्स्टर्डम स्थित एक नामी फार्मा कंपनी की सीनियर मैनेजर बताते हुए उससे मित्रता की। पीड़ित ने बताया कि महिला ने उसका विश्वास जीतकर उसने नकली पार्सल भेजने का बहाना बनाया और उसे कस्टम स्कैनिंग, गोल्ड लाइसेंस, करेंसी कन्वर्जन, जीएसटी, बीमा, क्लियरेंस, और अन्य शुल्कों के बहाने लगातार ऑनलाइन भुगतान करवाए। परन्तु स्वयं के साथ हो रही साइबर फ्रॉड का अंदेशा नहीं हो पाया, जिससे पीड़ित द्वारा विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तों में 88,400 स्थानांतरित किए गए। इसके बाद कथित "राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा" अधिकारियों और नकली पुलिसकर्मियों ने फर्जी केस निपटाने, नाम हटाने और फाइल आगे बढ़ाने के बहाने अतिरिक्त 4,10,250 अवैध रूप से प्राप्त किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि साईबर ठगों ने पीड़ित को अपने जाल में फंसाकार अनेक फर्जी मोबाइल नंबर, बैंक खाते और सरकारी पदनामों का दुरुपयोग करते हुए और दबाव बनाकर उससे अपना निशाना बनाकर साइबर ठगों ने उससे धोखाधड़ी कर 28,98,650 रुपये प्राप्त कर लिये।

साइबर क्राइम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों, बैंक खातों की जानकारी हेतु बैंकों, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स, डोमेन होस्टिंग कंपनियों एवं मेटा कंपनी से पत्राचार कर डेटा प्राप्त किया गया। भुल्लर ने बताया कि डेटा मिलने के बाद उसका विश्लेषण किया गया तो स्पष्ट हुआ कि साइबर अपराधियों ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय पार्सल भेजने का झांसा देकर एवं स्वयं को सरकारी अधिकारी-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अधिकारी बताकर, पीड़ित से विभिन्न बैंक खातों में 28,98,650 की राशि स्थानांतरित करवाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान साईबर टीम द्वारा बीएनएसएस के अन्तर्गत प्रकाश में आये अभियुक्त वसपदने हवबीनून मउनां की तलाश दिल्ली जाकर की गयी।

# कल गैरसैंण में ध्वजारोहण करेंगे कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री व चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत 15 अगस्त को राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में रहेंगे। इस अवसर पर वह विधानसभा परिसर भराड़ीसैण में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रतिभाग कर ध्वजारोहण करेंगे। इसके उपरांत डॉ. रावत गैरसैण में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत इन दिनों अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के आपदाग्रस्त क्षेत्रों के दौरे पर हैं, जहां उनके साथ पौड़ी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी भी भ्रमण कर रहे है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों के दौरे के बीच डॉ. रावत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में रहेंगे। जहां वह विधानभा परिसर भराड़ीसैण में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर ध्वजारोहण करेंगे, साथ ही वह कार्यक्रम को भी सम्बोधित करेंगे। डॉ. रावत ने कहा कि हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है, और जिस स्वतंत्र, सबल व समर्थ भारत का स्वपन्न हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने देखा था उसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चरितार्थ कर रहे हैं।

# डीडी नेशनल पर आज देखें शोले तिरंगा और रॉथ ऑफ मैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डीडी नेशनल स्वतंत्रता दिवस एक यादगार सिनेमाई उत्सव लेकर आ रहा है, जिसमें होंगी चुनिंदा फिल्में जो दर्शकों को देंगी पुरानी यादों की मिठास, देशभक्ति का जोश और रोमांचक एक्शन का मजा। दोपहर 1:00 बजे से शुरुआत होगी बॉलीवुड की अमर कृति शोले (1975) के साथ, जिसका निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया है। इस फिल्म में संजीव कुमार, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, जया बच्चन और अमजद खघन जैसे दिग्गज कलाकारों ने अभिनय किया है।

शाम 7:00 बजे स्क्रीन पर उतरेगी तिरंगा (1993), एक देशभक्ति से भरपूर एक्शन-ड्रामा जिसने भारतीय दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। इसमें राजकुमार ब्रिगेडियर सूर्यदेव सिंह के रूप में और नाना पाटेकर इंस्पेक्टर शिवाजीराव वाघले के रूप में अपने यादगार अंदाज में नजर आते हैं। ममता कुलकर्णी, वर्षा उसगांवकर, हरीश कुमार और दीपक शिर्के जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म साहस, बलिदान और देश के प्रति समर्पण की कहानी पेश करती है, जो आज भी जोश और गर्व से भर देती है।

## खुखरी समेत दो गिरफ्तार

**देहरादून।** पुलिस से बचने के लिए फरार चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर दोनों को सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चौकिंग अभियान के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जानकारी मिली की वह पुलिस से बचने के लिए अपनी पहचान छिपाकर फिर रहे थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सहसपुर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि गुरूवार की देर रात्रि धर्मावाला चौक के समीप से दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए हिरासत में लिया गया। कोतवाली लाकर पकड़े गए दोनों लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम रमन अग्रवाल पुत्र नन्द राम अग्रवाल निवासली बालुवाला और विशाल पुत्र शक्ति सिंह निवासी गो. कुलवाला बरोटीवाला बताया।

# 14 अगस्त 1947 का दिन हम कभी नहीं भूल सकते: धामी

## सीएम ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर काशीपुर, ऊधमसिंहनगर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाजन स्मृति स्मारक स्थल का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने देश के विभाजन का दंश झेलने वालों को नमन करते हुए कहा कि 14 अगस्त 1947 का दिन हम कभी नहीं भूल सकते, जब मजहब की आड़ में भारत को दो हिस्सों में बाँट दिया गया। जहां एक ओर 15 अगस्त 1947 को पूरा देश आजादी का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था वहीं, उससे ठीक एक दिन पहले ही, देश को दो टुकड़ों में बाँट दिया गया। करोड़ों लोगों को विभाजन की विभिषिका से गुजरते हुए अपने घर, गाँव, खेत-खलिहान, दुकान-व्यापार और अपनों से बिछड़कर शरणार्थी के रूप में रहने को मजबूर होना पड़ा। आज भी उन लोगों की आँखों में वो पीड़ा है, जिनके माँ-बाप इतिहास के उस काले दौर में उन्हें छोड़ कर इस दुनिया से चले गए।



■ विभाजन केवल एक भूभाग का बँटवारा नहीं था, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगियों और सांस्कृतिक पहचान का भी विभाजन था

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए यह समझ पाना भी कठिन है कि देश की स्वतंत्रता के समय विभाजन की विभीषिका से गुजरने वाले लोगों ने उस दौर में किस अकल्पनीय पीड़ा, भय और संघर्ष को सहा था। देश की आजादी के बदले किये गये उनके त्याग और बलिदान की भरपाई कर पाना असंभव है। उनके इस त्याग, बलिदान और पीड़ा के महत्त्व को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने पूर्वजों द्वारा किए गए त्याग और बलिदान को हमेशा याद रख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विभाजन केवल एक भूभाग का बँटवारा नहीं था, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगियों और उनकी सांस्कृतिक पहचान का भी विभाजन था।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद अजय भट्ट, मेयर काशीपुर दीपक बाली, मेयर रूद्रपुर विसा शर्मा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा,स्वामी हरि चौतन्या महाराज व अजय मौर्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पुलिस ने बुजुर्ग महिला की हत्या का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून/विकासनगर। हरबर्टपुर निवासी एक व्यक्ति के मकान पर आग लग जाने और इस दौरान उसकी पत्नी की मौत हो जाने की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को बुजुर्ग महिला की मौत पर संदेह होने पर उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हत्या किए जाने का खुलासा हो जाने के बाद क्षेत्राधिकारी विकासनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला की हत्या में शामिल उसके पुत्र को गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में शामिल पाटल भी बरामद कर लिया।



क्षेत्राधिकारी विकासनगर भाष्कर लाल शाह ने कोतवाली विकासनगर में मामले का खुलासा करते हुए मीड़ियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली में संजय सिंह राणा पुत्र अजमेर सिंह निवासी हरबर्टपुर ने तहतरीर देते हुए बताया था कि वह विगत 2 अगस्त को आसन बैराज पर अपनी डयूटी पर गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान संजय सिंह के पड़ौसियों ने उसे मोबाइल पर जानकारी दी थी कि उसके मकान पर आग लग गई है। उन्होंने बताया कि मकान पर आग लग जाने की खबर के बाद संजय सिंह राणा अपने मकान पर पहुंचे थे तो इस दौरान उनकी पत्नी की जली अवस्था में लाश मिली थी। सीओ विकासनगर ने बताया कि पत्नी की जलकर मौत हो जाने की जानकारी संजय सिंह राणा ने कोतवाली पर दी तो वहां से पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा था लेकिन बुजुर्ग महिला की मौत संदेहास्पद होने के कारण उसके शव को परीक्षण हेतु भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान मौके पर फिल्ड युनिट को भी बुलवाकर साक्ष्य एकत्र किए गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस मौत की वजह उसकी हत्या किए जाने का उल्लेख किया गया तो मामले की जांच प्रारंभ की गई तो पुलिसकर्मियों को जानकारी मिली की मृतका बुजुर्ग महिला का पुत्र मनमोहन सिंह जो कि नशा करने का आदि था वह अपनी मॉ के साथ ही मकान पर रहता था ने नशे की लत को पूरा करने के लिए अपनी मॉ से लगातार रुपयों की मांग करता था मांग पूरी नहीं होने पर ही उसके द्वारा अपनी मॉ की पाटल से हमला कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया और हत्या को हादस दिखाने के लिए मकान में आग लगा दी। क्षेत्राधिकारी विकासनगर भाष्कर लाल शाह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या का अभियोग धारा 103/1 बीएनएस के तहत पंजीकृत कर मृतका के हत्यारे पुत्र की तलाश प्रारंभ कर दी गई और उसे कुल्हाल के समीप से गुरूवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई पाटल को भी बरामद कर लिया।

सीओ ने बताया कि हत्यारोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह इससे पूर्व भी मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में जेल जा चुका है। हत्यारोपी ने बताया कि नशे की लत को पूरा करने के लिए उसकी मॉ द्वारा रुपया देने से इंकार किए जाने के बाद उसने अपनी मॉ की गर्दन पर पाटल से वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। पकड़े गए मॉ के हत्यारोपी मनमोहन सिंह को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया।

# दो मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/सेलाकुई।** विगत दिवस उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति से उसका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो जाने वाले दोनों लुटेरों को आखिरकार सेलाकुई पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर घर दबोचा और उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन तथा लूट की वारदात में इस्तेमाल की गई बाईक को बरामद कर लिया। लुटेरे को पकड़ने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने ईनाम देने की घोषणा की है।

गौरतलब है कि सेलाकुई थाने पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के करेली सुभाषनगर बरेली निवासी मुशाहिद पुत्र शाहिद हसल ने अभियोग पंजीकृत करवाते हुए बताया था कि वह विगत काफी समय से सेलाकुई में रहते हुए अपना कार्य कर रहा था। पीड़ित ने थानाध्यक्ष सेलाकुई परमेश्वरी दत्त भटट को बताया कि जब वह अपना कार्य समाप्त कर अपने मकान की ओर जा रहा था कि लेबर चौक के समीप बाईक सवार दो लुटेरों ने उसके हाथ से उसका मोबाइल फोन लूट लिया।

उसने बताया कि बाईक सवार लुटेरे द्वारा मोबाइल फोन लूट लिए जाने के बाद उसके द्वारा शोर मचाया गया तो आसपास के लोगा मौके पर एकत्र हो गए थे लेकिन तब तक बाईक सवार लुटेरा मौके से फरार हो गया था। थानाध्यक्ष ने तत्काल धारा 304/2 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत करने के बाद मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी विकासनगर भाष्कर लाल शाह को दी। इस दौरान थानाध्यक्ष पीडीभटट के नेतृत्व में थाने पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगालते हुए मोबाइल लुटेरे को पकड़ने में लग गई। पकड़ने इस दौरान पुलिसकर्मियों को जानकारी मिली की लैबर चौक के समीप मोबाइल लूट की वारदात में शामिल बाईक सवार लुटेराएक कंपनी के समीप खाली प्लाट के पास मौजूद है। बताया कि खबर मिलने के बाद पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर उक्त लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर पकड़े गए लुटेरे से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम आसिफ पुत्र इकबाल और नदीम पुत्र युसूफ निवासी सहसपुर बताया। पुलिस ने दोनों लुटेरों के पास से मुशाहिद के पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद करने के साथ-साथ उनके पास से लूट में शामिल बाईक को भी बरामद कर लिया।

## उतराखंड प्रभारी मुजतबा ने जिला पंचायत चुनाव में जीत पर दी बधाई

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस ओबीसी विभाग के महासचिव व उतराखंड प्रभारी मुजतबा एडवोकेट ने देहरादून में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की जीत पर विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए देहरादून की जनता का आभार व्यक्त किया। मुजतबा एडवोकेट ने भाजपा की और से जिला पंचायत चुनाव में सत्ता के जोर पर की जा रही गुडागर्दी की निन्दा करते हुए कहा कि भाजपा ने देश के लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित कर दिया है। जिला पंचायत चुनावों में वोट चोरी नहीं कर पाये तो सत्ता की गुंडागर्दी कर सदस्यों का अपहरण करने जैसे घिनौने कृत्य किये गये।



**देहरादून।** डॉ. एस. फारूक आशिमा विहार से एचडब्ल्यूसी सहारनापुर रोड देहरादून तक आयोजित तिरंगा यात्रा दौड़ का नेतृत्व करते हुए।

# अवैध निर्माणों पर एमडीडीए की कड़ी कार्रवाई

## 6 बीघा भूमि पर नियम विरुद्ध बनाए गए वेयरहाउस पर भी सीलिंग की कार्रवाई



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अवैध निर्माणों पर शिकंजा कसते हुए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने गुरुवार को देहरादून और ऋषिकेश में बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर नियमों और मास्टर प्लान के विपरीत हो रहे निर्माण कार्यों को चिन्हित कर सील किया गया। एमडीडीए की इस कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि अवैध तरीके से हो रहे व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेश पर, शिमला बाईपास रोड, निकट झिवारेडी में विरेश जैन द्वारा लगभग 5 से 6 बीघा भूमि पर बनाए गए अवैध वेयरहाउस को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई में सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अभिषेक भारद्वाज, शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता जितेन्द्र सिंह, जैयदीप, मनवीर पंवार सहित सुपरवाइजर मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा, हरिद्वार रोड, ऋषिकेश, निकट पुरानी चुंगी में पवन कुमार द्वारा किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माण और सैयद मोहल्ला, देहरादून में मुकेश द्वारा किए गए अवैध निर्माण को भी सील कर दिया गया। ऋषिकेश की कार्रवाई में सहायक अभियंता सुरजीत सिंह रावत, अवर अभियंता हर्षित मैठानी और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों और मास्टर प्लान के विपरीत किए गए निर्माणों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता से भी अपील है कि वे निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृति अवश्य लें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और अवैध निर्माणकर्ताओं के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धापूर्वक मनाया संत जोध सिंह महाराज का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम में संत बाबा जोध सिंह महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान ऋषिकेश स्थित आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में देश-दुनिया व ऋषिकेश क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए।

गुरूवार को जन्मोत्सव की शुरुआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग के साथ हुई। इसके बाद संतों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पश्चात, महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने उपस्थित संगत में प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी बांटा गया, जिसमें सभी भक्तों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सरदार बिक्रमजीत सिंह, सरदार करमजीत सिंह, ललिता कृष्णास्वामी, डॉ. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग, सरदार हरप्रीत सिंह, आतम प्रकाश बाऊ, अजय शर्मा, सरदार बलविंदर सिंह, राजेश गुप्ता, सरदार हरमनप्रीत सिंह, अशोक जोशी, दिनेश शर्मा, सरदार गुरजिंदर सिंह, सरदार मनप्रीत सिंह, सरदार तरणजीत सिंह, शम्मी पैनुली, विनोद बिजल्वाण आदि मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून के क्षेत्रीय कार्यालय की और से पंजाब नेशनल ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से हरबटपुर और सहसपुर में महत्वपूर्ण वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरओ का उद्देश्य दिव्यांग जनों और ग्रामीण क्षेत्र की समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना था।




भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून के अधिकारी रजनीश सैनी और पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ओ. पी. पंवार ने प्रतिभागियों को बैंकिंग से संबंधित वित्तीय सुविधाओं, साइबर फ्रॉड और ग्राहक शिकायत प्रणाली के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। सीनियर फैकल्टी ज. आलम ने महिलाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मास्टर ट्रेनर बरखा बहार, वीरेश नोटियाल आदि मौजूट रहे।

## डीआईटी में आयोजित होगा नासा ग्लोबल स्पेस ऐप्स हैकाथॉन 2025

**देहरादून।** डीआईटी यूनिवर्सिटी देहरादून ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए नासा के अधिकृत तकनीकी साझेदार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत डीआईटी यूनिवर्सिटी नासा ग्लोबल स्पेस ऐप्स हैकाथॉन 2025 की मेजबानी करेगी, जिसमें भारतभर से प्रतिभागी शामिल होंगे। एमओयू साइनिंग समारोह में कुलपति प्रो. जी. रघुरामा, डीआईटी यूनिवर्सिटी, डॉ. अनिल सुब्बाराव पैला, कुलपति, आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी व वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने परेड ग्राउंड की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने परेड ग्राउंड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, महानुभाव व गणमान्य आगंतुकों की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, मार्ग संचालन, विद्युत आपूर्ति, स्वागत-सत्कार, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी नोडल अधिकारी माइक्रो प्लानिंग के तहत कार्य करें और आपसी तालमेल के साथ सभी तैयारियों को अंतिम रूप दें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कार्मिकों को मंच पर सम्मानित करने की समुचित व्यवस्था की जाए। साउंड सिस्टम, लाइव प्रसारण के लिए एलईडी की उपयुक्त व्यवस्था रखें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच, सेफ हाउस, फोटो गैलरी सहित गणमान्य आगंतुकों के लिए बैठक की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समारोह से जुड़ी कोई भी व्यवस्था अधूरी न रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उन्होंने पुलिस परेड/सलामी कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली और निर्धारित समय के अनुसार व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम का संचालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा, उप जिलाधिकारी अपूर्वा सिंह सहित लोनिवि, पर्यटन, उद्यान, पूर्ति एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# श्यामपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय दो वाहन चोरों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार, चुराई हुई दो ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्यामपुर थाना पुलिस मिली सफलता 24 घंटे के भीतर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय दो शातिर चोर दबोच लिया है।उनके कब्जे से चोरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।एक आरोपी तलाश जारी है। श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को शिव कुमार पुत्र आशाराम चौहान निवासी ग्राम कांगडी थाना श्यामपुर हरिद्वार पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उनका स्वराज 744 ट्रेक्टर व ट्रॉली अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

चोरों को पकड़ने के लिए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए मुखबीर मामूर किए गए गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर आरोपियों को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी करना स्वीकार किया।आरोपियों की निशांदेही पर टांटवाला नहर पटरी के पास रसियाबड के जंगलों से चोरी की दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां बरामद हुई है।



थाना श्यामपुर एवं कोतवाली रानीपुर क्षेत्र से चुराई गई 2 ट्रैक्टर व ट्रॉलियां व चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की गई। श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने एक रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में चोरी की है।दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे आरोपी विकाश कुमार उर्फ विक्की पुत्र मदनपाल सिंह निवासी उदेरेवाला ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उ.प्र. की तलाश की जा रही है। जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। पकड़े गए आरोपियों के नाम पंकज सैनी पुत्र श्री अमर सिंह सैनी निवासी ग्राम मीरा सराय, हीरा नगर कालोनी थाना कोतवाली अमरोहा जिला अमरोहा उ0प्र0, उम्र 24 वर्ष व 2- दिव्यांशु कुमार पुत्र श्री संजय कुमार निवासी ग्राम ढक्का करमचंद थाना धामपुर जिला बिजनौर उ0प्र0, उम्र 23 वर्ष है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, एसएसआई मनोज रावत, चंडीघाट चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र सिंह तोमर, लालढांग चौकी प्रभारी एसआई गगन मैठाणी, एसआई अंजना चौहान, अपर उपनिरीक्षक मौहम्मद इरशाद, हेडकांस्टेबल बृजमोहन सिंह, कांस्टेबल राहुल देव, राजवीर सिंह चौहान, अनिल रावत, सुशील चौहान, एसओजी कांस्टेबल वसीम शामिल रहे।

## चरस तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बुग्गावाला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 161.29 ग्राम तस्कर बरामद हुई है। मुख्यमंत्री के आदेश पर ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए एसएसपी ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया है। बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मजाहिदपुर पुलिस से आरोपी दुष्यंत पुत्र सुरेश निवासी मुजाहिदपुर सतीवाला को चरस समेत दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, हेडकांस्टेबल गोपाल कुमार, होमगार्ड सुखपाल शामिल रहे।

# गणपति धाम कालोनी में आए मगरमच्छ का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जंगलों और नदियों आदि में रहने वाले जीवों का आबादी क्षेत्र में आने का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला कनखल क्षेत्र के राजा गार्डन के पास गणपति धाम कालोनी का है। लगातार हो रही बारिश के चलते एक मगरमच्छ नहर से निकलकर गणपति धाम कालोनी के फेस वन में पहुंच गया। कालोनी में खड़ी कार के नीचे बैठे विशालकाय मगरमच्छ को देखकर पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। लोगों ने कालोनी में मगरमच्छ आने की सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा। गौरतलब है कि जंगलों और नदियों के किनारे आबादी



में लगातार वन्य जीवों के आने की घटनाएं हो रही है। हाल ही में भेल में कालोनियों के बीच जंगली हाथी के कई दिनों तक चहलकदमी करने का मामला सामने आया था। इसके अलावा गुलदार आने की कई घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। जिससे लोग दहशत में जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदियों का जलस्तर बढ़ने और सिल्ट जमा होने के चलते मगरमच्छ जैसे विशालकाय जीव नदी से निकलकर आबादी में आ रहे हैं। हरिद्वार के अलावा लकसर में भी मगरमच्छ के आबादी में आने की घटना सामने आ चुकी है। जिससे लोगों में दहशत है।

# विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता: धामी

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को यहां एक निजी होटल में अयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया व विभाजन विभीषिका स्मृति स्थल का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर विभाजन का दंश झेलने वाले बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस दिन भारत दो देशों में विभाजित हुआ। एक ओर 1947 को आजादी का जश्न मना रहे थे किंतु दूसरी ओर देश के विभाजन का भी हमने दु:ख सहा है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के कारण सामने आई परिस्थितियों को देखते हुए भारत दो टुकड़ों में विभक्त हुआ। लाखों लोग इधर से उधर हुए उनका घर-बार छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गईं। भारत के लिए यह किसी विभीषिका से कम नहीं थी। वर्ष 2021 में इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' मनाने का निर्णय लिया। तब से यह दिन मनाया जा रहा है, जिससे हम अपने उन लाखों सेनानियों व परिवारजनों से बिछड़े लोगों के बलिदान को याद कर सके। सूबे के कृषि, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने यहां कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विभाजक विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी का अवलोकन किया व विभाजन के दौरान बलिदान हुए लोगों की आत्मिक, शांति एवं श्रद्धांजलि हेतु हवन यज्ञ में भी प्रतिभाग किया। साथ ही विभाजन विभीषिका पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन भी किया। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आजादी के दौरान बड़े स्तर पर लोगों का पलायन हुआ। विभाजन के दौरान हमारे पूर्वजों ने कष्ट सहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सीएए, लाई इससे सालों पहले अपने देश वापस लौटे लोगों को नागरिकता मिलने का रास्ता आसान हुआ है। महापौर/कार्यक्रम संयोजक दीपक बाली ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने इस देश की आजादी के लिए विभाजन का दंश झेला है। बीते 75 सालों में संविधान में कई बदलाव किए गए परंतु पहली बार इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीएए जैसा कानून लाकर पलायन कर भारत लौटे अनगिनत नागरिकों को नागरिकता देने का काम किया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री धामी से विस्थापित पंजाबी व अन्य जातियों के लोगों दी गई लीज भूमि का मालिकाना हक देने, गरीब निर्धन पंजाबी परिवारों को आर्थिक साहयता देने एवं स्मृति स्थल पर लाला लाजपत राय की प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी। इस दौरान कार्यक्रम में आये विभाजन के दौरान असीम यातनाएं सहने वालों व उनके परिजनों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर रुद्रपुर विकास शर्मा, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा, रविंद्र राणा, दर्जा मंत्री दिनेश मानसेरा, ?रजाना बेगम, शायरा बानो, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, कमल जिंदल, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, स्वामी हरि चौतन्यपुरी महाराज, राम मेहरोत्रा, खिलेन्द्र चौधरी, पुष्कर काला, सत्यवान गर्ग, राजीव ठुकराल, डॉ. यशपाल रावत, प्रशांत गहतौड़ी, कल्पना राना, प्रियंका अग्रवाल, ललित बाली, बिना नेगी, सुरेश सैनी, अनिल डाबर, अश्वनी छाबड़ा, शोभित गुड़िया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अधिशासी निदेशक चीनी, एपी बाजपेई, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# अप्स एंड डाउन इग्लिश वर्णमाला में आंचल सहगल ने बनाया रिकार्ड

## इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुई उपलब्धि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार की आंचल सहगल ने अप्स एंड डाऊन इंग्लिश वर्णमाला में प्रथम स्थान प्राप्त कर हरिद्वार का नाम रोशन किया है। आंचंल सहगल की यह उपलब्धि इंडिया बुक आफॅ रिकार्ड में दर्ज की गयी है। उनको यह सम्मान अप्स एंड डाऊन इग्लिश वर्णमाला के शब्दों को लिखने के लिए दिया गया। उन्होंने यह उपलब्धि एक मिनट में 33 शब्द लिखकर हासिल की है। जबकि इससे पूर्व विश्व रिकार्ड 29 शब्दों का था। बता दें कि आंचल सहगल हरिद्वार के प्रतिष्ठित व समाजसेवी परिवार सहगल परिवार की वधु हैं। उनकी इस उपलब्धि से तीर्थनगरी का गौरव बढ़ा है। उनकी इस उपलब्धि का समाचार मिलने पर उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। आंचल सहगल ने बताया कि उनकी बचपन से ही कुछ नया करने की ललक थी। लेखन कार्य को उन्होंने काफी समय से करना शुरू किया था, जिसकी परिणति यह हुई। उन्होंने अपनी मेहनत व




परिजनों के आशीर्वाद से यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं देने वालों का आभार जताया।

## बाइक के वाइजर में सांप निकलने से मचा हड़कप



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा में एक राहगीर व्यक्ति की बाइक में साँप निकलने से हड़कंप मच गया। कड़ी मसक्कत के बाद साँप को बाइक के वाइजर से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि बाइक सवार को साँप ने नही डसा। बाइक से साँप को निकालकर मार दिया गया। घटना गुरुवार की है एक बाइक सवार राहगीर बाइक से जा रहा था धनपुरा में बाइक के चलते समय वाइजर में अचानक उसे साँप दिखाई दिया। साँप दिखने से वह डर गया और अचानक बाइक को रोककर जमीन पर गिरा दी। बाइक सवार को हड़बड़ाते देख आसपास के लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने उससे वजह पूछी तो उसने बताया कि मेरी बाइक के वायजर में साँप है ग्रामीणों ने बाइक के वायजर से कड़ी मसक्कत के बाद साँप को बाहर निकला। बाद में साँप को मार दिया गया। गनीमत रही की साँप ने बाइक सवार या किसी ग्रामीण को नही डसा।

# मनीषा जंतवाल की 'लॉटरी' लगी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** प्रदेश भर में हॉट सीट मानी जा रही विकासखंड कोटाबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीषा जंतवाल ने लाटरी सिस्टम से जीत दर्ज की। ब्लॉक प्रमुख पद की कांग्रेस प्रत्याशी चित्रा बिष्ट व भाजपा की मनीषा जंतवाल दोनों प्रत्याशी को बराबर 14-14 वोट पड़े जिसके चलते दोनों के बीच लाटरी सिस्टम किया गया जिसमें मनीषा जंतवाल विजयी हुई।

उनकी विजय की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विजय होने पर कोटाबाग मुख्यालय से उनके निवास चकलुआ तक विजय जुलूस निकाला



गया। ज्येष्ठ उप प्रमुख गीता तिवारी को 15 मत मिलकर विजयी हुई और राहुल पंत को 13 मत मिले, कनिष्ठ उप प्रमुख अपूर्वा बिष्ट को 15 मतों से विजयी हुई और मिनिता जोशी को 13 मत मिले। चुनाव अधिकारी कालाढूंगी उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया ब्लॉक प्रमुख पद के दोनों दावेदार को बराबर मत मिले थे जिसके बाद दोनों के नाम की पर्ची बनाई और बच्चे के द्वारा पर्ची निकलवाई गई जिसमें मनीषा जंतवाल के नाम की पर्ची निकल इस प्रकार मनीषा जंतवाल विजय रही वही उन्होंने बताया कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव सम्पन्न कराए गया है। इस दौरान विकास भगत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मनीषा जंतवाल ने सभी समर्थकों व क्षेत्र पंचायत सदस्यो का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस समर्पित प्रत्याशि चित्रा बिष्ट ने कहा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उनको बराबर के मत दिए थे मगर वह लाटरी सिस्टम में हार गई यह उनकी हार नहीं है किस्मत ने उनको हराया है।

# मानव सेवा में संत महापुरूषों की अहम भूमिका : हरिचेतनानंद

## श्री महर्षि ब्रह्महरि उदासीन आश्रम में समारोह पूर्वक मनाया गया 28वां निर्वाण महोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आनन्दमयी पुरम दक्षरोड़ कनखल स्थित श्री महर्षि ब्रह्महरि उदासीन आश्रम में महंत दामोदर शरण दास के संयोजन एवं सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में 28वे निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ मानव सेवा में संत महापुरूषों ने हमेशा प्रमुख भूमिका निभायी है। महंत दामोदर शरण दास श्री महर्षि ब्रह्महरि उदासीन आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में भी उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। भारत माता मंदिर के महंत



महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि धर्म और मानव सेवा के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले संत महापुरूषों के सानिध्य में ही श्रद्धालु भक्तों का कल्याण होता है। सदैव देश और समाज के कल्याण के लिए ईश्वर भक्ति में लीन रहने वाले महंत दामोदर शरण आदर्श संत हैं। सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए महंत दामोदर शरण ने कहा कि पूज्य गुरूजनों से मिले ज्ञान और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए आश्रम की सेवा परंपरा का विस्तार करना ही उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य है। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि महंत दामोदर शरण दास का त्याग, तपस्या और सेवा से परिपूर्ण जीवन सभी के लिए आदर्श है। कार्यक्रम का संचालन स्वामी रविदेव शास्त्री ने किया। इस अवसर पर स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, महंत गोविंददास, डा.विष्णु दत्त राकेश, स्वामी हरिहरानंद, महंत कौशलपुरी, महंत राघवेंद्र दास, महंत जयेंद्र मुनि, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी शिवानंद, बाबा हठयोगी, महंत रघुवीदास, महंत गंगादास, स्वामी भगवत स्वरूप, महंत कैलाश मुनि, स्वामी विज्ञानानंद सहित अनेक संत महापुरूष और प्रेम बंसल, सरोज बंसल, अदिश मोदी, राकेश बंसल, सीमा बंसल, डोली, मीनू गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# दिवंगत श्रमिकों के जज्बे को नमन : रंजन कुमार

## बीएचईएल में दिवंगत श्रमिकों को दी गई श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीएचईएल हरिद्वार द्वारा, संस्थान के निर्माण में अपने अमूल्य जीवन का उत्सर्ग करने वाले दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस उपलक्ष्य में हीप तथा सीएफएफपी इकाइयों के, कारखाना परिसर स्थित श्रमिक स्मारकों पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक एवं प्रमुख श्री रंजन कुमार ने श्रमिक स्मारकों पर, पुष्प चक्र अर्पित किए एवं दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री रंजन कुमार ने कहा कि इस महान संस्थान की स्थापना एवं विकास में हमारे दिवंगत श्रमिकों का अतुलनीय योगदान रहा है। श्री रंजन ने बताया कि किसी भी संस्थान की असल ताकत उसके कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण में निहित होती है। उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस श्रद्धांजलि समारोह में, हम उनके जज्बे को नमन करते हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी, श्रमिक स्मारक पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट के मौन द्वारा, दिवंगत श्रमिकों को अपनी भावांजलि अर्पित की।

# मेयर ने वार्ड 24 में किया नाला सफाई कार्य का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने वार्ड 24 के कृष्णा नगर, देशरक्षक और सतीकुंड क्षेत्र में नाल सफाई कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सफाई कर्मियों के साथ हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया। मेयर किरण जैसल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी अपने घर पर तिरंगा लगाएं और देश को आजादी दिलाने वाले वीरों के जीवन से प्रेरणा लें। राष्ट्र निर्माण भागीदारी कर देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होने



कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर सभी को वातावरण को शुद्ध रखने के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का संकल्प भी लेना चाहिए। सभी नागरिकों की सहभागिता से ही शहर को स्वच्छ सुन्दर बनाया जा सकता है। इस दौरान वार्ड पार्षद परमिंदर सिंह गिल, मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकान्त, क्षेत्रीय सुपरवाइजर सलेखचंद सहित अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पंचपुरी हलवाई समाज ने हवन यज्ञ कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पंचपुरी हलवाई समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में कनखल स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 31वें वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ एवं जागरण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए नगर विधायक मदन कौशिक एवं रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि धार्मिक क्रिया कलापों से ही हिंदू संस्कृति की पहचान है। पंचपुरी हलवाई समाज सामाजिक दायित्व को निभाने के साथ समाज में जनजागरण करने में भी निर्णायक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक वीर शहीदों की स्मृतियों में कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। मेयर किरण जैसल ने कहा कि हवन यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। शहीदों की स्मृति में भंडारे का आयोजन करना प्रशंसनीय है। वीर शहीदों की गाथाओं का प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि वीर शहीदों की याद में शीतला माता मंदिर में हवन यज्ञ जागरण एवं भंडारे का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। देश को आजादी दिलाने वाले अमर शहीदों को हमेशा याद किया जाएगा। सभी को देश के प्रति समर्पित भावना से काम करना चाहिए। बाबा हठयोगी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अपने



प्राणों को न्योछावर कर देश को आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों का देश हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर पंचपुरी हलवाई समाज के अध्यक्ष सोमपाल, महामंत्री उमेश कश्यप, चंद्रमोहन कश्यप, कोषाध्यक्ष सोनू भगत, योगेश, धनराज, तेजपाल, दीपक, सुशील, बिट्टू, धनराज भाटिया, सुंदर, योगेश शास्त्री, रामसिंह बिष्ट, मुन्ना, राजू लोधी, चांद गिरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पराशर, सुनील सेठी आदि मौजूद रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा पुत्र अक्षय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। जिसके चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में अक्षय के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। श्री योगेन्द्र पुत्र स्व. श्री रामशा, निवासी ग्राम फेरूपुर, रामखेड़ा पथरी, जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

## संगीनों के साए में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव

# अल्मोड़ा, पौड़ी, रूद्रप्रयाग व चमोली में भाजपा तो देहरादून में कांग्रेस ने लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा ने बढ़त बनाते हुए अल्मोडा, पौड़ी, रूद्रप्रयाग व चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष पर जीत दर्ज की है, वहीं, प्रदेश भर में लचर प्रदर्शन के बावजूद देहरादून जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित तीन ब्लॉक कब्जाने में कांग्रेस सफल रही है। देहरादून में लंबे समय के बाद कांग्रेस को जीत मिली है।

जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर सुखविंदर कौर ने मधु चौहान को हराया जबकि उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक सिंह विजयी रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया और जमकर आतिशबाजी की। इस जीत से कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल है।

जिला पंचायत देहरादून में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर बड़ा उलटफेर करते हुए कांग्रेस ने भाजपा से कुर्सी छीन ली। भाजपा की किलेबंदी और दांव पेच पर चकराता विधायक प्रीतम सिंह की हर चाल भारी पड़ी। अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की प्रत्याशी सुखविंदर कौर ने भाजपा प्रत्याशी मधु चौहान को चार वोट से पराजित कर दिया।

मधु न केवल दो बार देहरादून की जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं, बल्कि भाजपा के कद्दावर नेता व विकासनगर विधायक मुन्ना चौहान की पत्नी भी हैं। उपाध्यक्ष पद भी कांग्रेस ने अपनी झोली में कर लिया। इस पद पर विधायक प्रीतम सिंह के बेटे अभिषेक सिंह ने भाजपा प्रत्याशी बीर सिंह चौहान को छह वोट से शिकस्त दी। गुरुवार को तहसील चौक स्थित जिला पंचायत सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली।

जिला पंचायत के लिए चुनकर आए 30 सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान किया। दोनों पदों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर थी। दोनों ओर से किलेबंदी भी खूब की गई थी और मतदान के दौरान दोनों ही दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे थे, मगर कांग्रेस ने बाजी मार ली। जैसे ही नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आए, कार्यकर्ता जीत के जश्न में डूब गए।

कांग्रेस की जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सुखविंदर कौर को 17 जबकि भाजपा प्रत्याशी मधु चौहान को 13 वोट मिले।



### सीएम धामी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दी बधाई

सीएम धामी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा अधिकृत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशियों दौलत सिंह बिष्ट जी (चमोली), रचना बुटोला (पौड़ी), हेमा गैड़ा (अल्मोड़ा), पूनम कठैत (रुद्रप्रयाग) और शोभा आर्य (बागेश्वर) की ऐतिहासिक विजय पर बधाई व शुभकामनाएं दी। भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने 11 में से 10 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। यह उपलब्धि जनता के विश्वास, संगठन की शक्ति एवं सतत जनसेवा के संकल्प का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों को उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनन्त शुभकामनाएं दी।

### कांग्रेस ने भाजपा को उसी की पिच पर मात दी

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि उत्तराखंड की अस्थायी राजधानी देहरादून से आज भाजपा के अहंकार को चकनाचूर कर देने वाली ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी सुखविंदर कौर ने 30 में से 17 वोट पाकर विजय प्राप्त की, वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक सिंह ने 30 में से 18 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। यह जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि भाजपा की मनमानी, षड्यंत्र और सत्ता के घमंड पर जनता का करारा तमाचा है। जिस तरह राज्य सरकार के इशारे पर जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण में खुली लूट और मनमानी की गई, उसके बावजूद चकराता विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने भाजपा को उसकी ही पिच पर, उसके ही खेल में, उसके ही नियमों से मात दी।

उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के अभिषेक सिंह को 18 जबकि भाजपा के बीर सिंह चौहान को 12 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा।

वहीं, नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर हुए बवाल के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में डीएम वंदना सिंह ने कहा कि वे चुनाव आयोग को दोबारा चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव भेजेंगी। रुद्रप्रयाग में भाजपा की पूनम कटैत ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उखीमठ में कांग्रेस के पंकज शुक्ला और विनीता चमोली ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए।

इसके अलावा चमोली में भाजपा के दौलत बिष्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। वहीं, रुद्रप्रयाग जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा की पूनम कठैत ने विजय हासिल की, जबकि उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की रितू नेगी ने जीती है। दोनों को 9-9 मत हासिल प्राप्त हुए। उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण को 8 मत प्राप्त हुए। अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज कर जिले में अपनी राजनीतिक पकड़ को और मजबूत कर लिया है। कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देते हुए चार मतों से विजय हासिल की। वहीं, चमोली में भाजपा की हेमा गैड़ा को 24 मत मिले, कांग्रेस की सुनीता कुं. जवाल को 20 और यूकेडी की सरस्वती किरौला को 1 वोट पड़ा।

**नैनीताल जिला पंचायत अपहरण कांड:**

## हाईकोर्ट की कड़ी फटकार री-पोलिंग का आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण मामले की सुनवाई के दौरान जिले के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा और डीएम वंदना सिंह वर्चुअली उपस्थित हुए। मुख्य न्यायाधीश जे. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने पुलिस की कार्रवाई पर आश्चर्य जताया, वहीं जिलाधिकारी के पुनः मतदान के सुझाव पर सहमति जताते हुए एसएसपी को पांचों लापता सदस्यों को सुरक्षित उनके ठिकानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई की तारीख 18 अगस्त तय हुई है।

सरकार की ओर से बताया गया कि पांच सदस्यों ने एफिडेविट देकर कहा है कि वे स्वेच्छा से मतदान से अलग हो रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि दस दिनों से उनकी तलाश की जा रही है, पर अब तक वे नहीं मिले। वहीं, सीएससी चंद्रशेखर सिंह रावत ने कोर्ट को बताया कि तीन एफिडेविट मेल से प्राप्त हुए हैं-धारी के दीप सिंह बिष्ट, जंगलिया गांव के विपिन सिंह और दो अन्य से। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने संदेह जताते हुए कहा कि यह प्रतीत होता है एफिडेविट आज ही आदेश के बाद खरीदे गए हैं।

**डीएम का दावा और री-पोलिंग की घोषणा:** डीएम वंदना सिंह ने साफ चुनाव कराने का दावा करते हुए कहा कि गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए कल शाम ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि वोटिंग समय स न होने के बाद भी अतिरिक्त समय देकर सदस्यों को मतदान कराया गया और अब हम पुनः मतदान के लिए तैयार हैं। डीएम ने अदालत को आश्वस्त किया कि एक घंटे में निर्वाचन आयोग को री-पोलिंग का पत्र भेजा जाएगा।

### गुंडों के अपहरण का वीडियो वायरल

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने बताया कि वीडियो में सदस्य बवाड़ी को गुंडे उठा रहे हैं, जबकि पुलिस खड़ी देख रही है। कोर्ट ने एसएसपी से वायरल वीडियो के बारे में पूछा तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई। कोर्ट के सीडीआर निकालने के सुझाव पर एसएसपी ने कहा कि अब तल्लीताल थाने में मुकदमा दर्ज हो चुका है, इसलिए सीडीआर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है।

### गवाहों के बयान और आरोपियों के नाम

पीड़ित सदस्य प्रमोद सिंह के भाई विनोद कोटलिया ने कोर्ट में बताया कि प्रमोद को जिला पंचायत के पास से प्रताप, आनंद, बॉबी, शंकर, शुभम, कोमल, पंकज नेगी, चतुर, प्रमोद तथा विशाल नेगी ने उठाया। धारी के सदस्य दीपक सिंह बिष्ट की बहन उमा बिष्ट ने कहा कि भाई सुबह 7 बजे घर से निकले, लेकिन अब तक कोई पता नहीं। विपिन जंतवाल के पुत्र ने कहा कि कल रात पिता घर पर नहीं थे और आज फेसबुक पर अपहरण की सूचना मिली।

## प्रीतम-हरीश की किलेबंदी में पहुंचे पंचायत सदस्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** पंचायत चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पार्टी दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। देहरादून में 17 पंचायत सदस्य कांग्रेस नेताओं के संग जिला पंचायत भवन पहुंचे, तभी नैनीताल से कांग्रेस सदस्यों को अगवा करने की खबर आई तो, देहरादून में भी कांग्रेसियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। गुरुवार को सदस्यों के पहुंचने से पहले ही प्रीतम और हरीश रावत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के साथ जिला पंचायत सभागार के बाहर डट गए। गहमा-गहमी के बीच चार वाहनों से कांग्रेस समर्थित सदस्यों को लाया गया। प्रीतम व हरीश रावत ने घेरा बनाकर उन्हें मतदान करने को भेजा। हालांकि, मधु चौहान के पति विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान इस दौरान नजर नहीं आए।

### जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की खुली गुंडागर्दीः हरीश रावत



**देहरादून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा, नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा की खुली गुंडागर्दी सामने आई है। कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट डालने जा रहे जिला पंचायत सदस्यों को गुंडागर्दी के बल पर उठाया गया। हरीश रावत ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा, नैनीताल हमारी शान है। यहां की जिला पंचायत का एक अभूतपूर्व व सम्मानजनक इतिहास रहा है। पूर्व विधायक संजीव आर्य के साथ मारपीट की गई। साथ ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को धक्का दिया गया। पूरे उत्तराखंड को भाजपा के इस गुंडागर्दी के खिलाफ आवाज उठानी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वोट डालने से वंचित जिला पंचायत सदस्यों से वोट डलवाए जाएं।

## नैनीताल में हंगामे के बाद दून में कांग्रेस ने डाला डेरा

### पंचायत कार्यालय के बाहर दिन भर जुटे रहे दिग्गज, प्रीतम सिंह ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लेकर आखिरी चरण की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को प्रदेश के 12 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुखों के लिए मतदान हुआ, हालांकि कई जिलों में भाजपा ने कांग्रेस को चुनावी रणनीति से पटखनी देते हुए जीत हासिल की है।

नैनीताल में हंगामे के बाद देहरादून में कांग्रेस के नेताओं ने दिन भर डेरा डाले रखा। उत्तराखण्ड के पूर्व सीएम हरीश रावत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चकराता विधायक प्रीतम सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के अलावा कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन, हाजी फुरकान अहमद, वरिष्ठ नेता



सूर्यकांत धस्माना और राजकुमार के अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेसी देहराद. ून जिला पंचायत भवन के बाहर डेरा डालकर बैठे रहे। कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए हमारी सभी 17 सदस्यों ने वोट किया, जिसके चलते हमे जीत मिली, जनता और सभी सदस्यों का आभार। उन्होंने कहा कि देहरादून जिले में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपने धन, बल और सत्ता का दुरुपयोग करके जिला पंचायत सदस्यों को अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास किया, मगर नाकाम रहे। कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि देहरादून एसएसपी ऑफिस में बुलाकर जिला पंचायत के सदस्यों को डराया धमकाया गया। यहां तक कि यह भी धमकी दी गई कि यदि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान नहीं किया जाता है तो उनकी जमीनों को सरकार में निहित कर दिया जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा पर वोटों की चोरी का आरोप लगाया और कहा कि देश में तो भाजपा वोट की चोरी कर रही थी, मगर उत्तराखंड में तो भाजपा दिनदहाड़े लूट कर रही है। उन्होंने नैनीताल का उदाहरण देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या के फेसबुक अकाउंट से पूरी घटना लाइव रिकॉर्ड की गई है। किस तरह से बंदूक की नोक पर वोट को लूटने का काम किया जा रहा है। करन माहरा ने कहा कि गैरसैंण मॉनसून सत्र में कांग्रेस इन सभी मुद्दों पर मुखर होकर जवाब पूछेगी।

### चमोली में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने दिया त्यागपत्र

**देहरादून।** पंचायत चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हुए चमोली में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने पार्टी के जिलाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को त्याग पत्र भेजते हुए मुकेश नेगी ने कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित सदस्यों के पर्याप्त संख्याबल के बावजूद जनपद चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख जीत दर्ज करने में असफल रहे। किसी भी पदाधिकारी एवं निर्वाचित सदस्यों पर कोई दोषारोपण न करते हुए मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं और नैतिकता के आधार पर चमोली जनपद के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष के पद से त्यागपत्र देता हूं।

## संगठन को है हेमा की जीत का श्रेय : रेखा आर्या

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**अल्मोड़ा / देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार हेमा गैडा ने अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में जीत दर्ज की है।उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी को 4 वोट के अंतर से हराया। भाजपा की चुनाव प्रभारी कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इस जीत का श्रेय पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं को दिया।

प्रदेश भर में अल्मोड़ा जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर चुनाव सबसे रोचक मुकाबलों में से एक था और सभी राजनीतिक विश्लेषकों की नजर इस पर थी।



जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 45 वोट पड़े। इनमें से भाजपा की हेमा गैड़ा ने 24 वोट प्राप्त कर अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की सुनीता कुंजवाल को 4 मतों से हराया। सुनीता कुंजवाल को 20 वोट मिले जबकि उक्रांद की सरस्वती किरौला को 1 वोट मिला।

इसके साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह नेगी ने जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम आने के बाद चुनाव प्रभारी कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने पत्रकारों से बात. चीत करते हुए कहा कि अल्मोड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर भाजपा ने एक बार फिर जनता का विश्वास जीता है। उन्होंने कहा कि इस जीत का श्रेय पूरी तरह संगठन और पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अल्मोड़ा के ग्रामीण अंचल में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है।

### 2027 में भी ट्रिपल इंजन सरकार की हैट्रिक लगेगी : भट्ट

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पंचायत में भी जारी जीत का यह सिलसिला 2027 में ट्रिपल इंजन की सरकार की हैट्रिक लगाने तक जारी रहेगा । कांग्रेस के आरोपी पर पलटवार करते हुए कहा उन्होंने कहा कि उनके पास तो चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार तक नहीं थे। 89 में से मात्र सात ब्लॉक प्रमुख के लिए प्रत्याशी घोषित करना, उनकी जमीनी हकीकत को बताने के लिए काफी है। जब उम्मीदवार ही खड़े नहीं किया तो जीते कैसे? आज यह स्थिति है कि उनके पास ना कार्यकर्ता है ना नेता है और ना ही प्रदेश की जनता का उनके ऊपर विश्वास है।

## पंचायतों में भी भगवा परचम ट्रिपल इंजन की सरकार

### सत्ता पक्ष ने कांग्रेस को किया चारों खाने चित, ग्राम प्रधान 85 ब्लॉक प्रमुख 70 व जिला पंचायत अध्यक्ष के 92 फीसदी पद जीते




एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** पंचायत चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख के लिए मतगणना से पहले भाजपा ने जीत के जो दावे किए थे, वे लगभग सच साबित हुए हैं। भाजपा ने जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कर 2027 विधानसभा चुनाव के लिए भी अपनी राह को लगभग हमवार कर लिया है। पंचायत चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है।

प्रदेश की 12 जिला पंचायतों में से 10 अध्यक्ष पद भाजपा ने जीते हैं। ग्राम प्रधान के 85 , ब्लॉक प्रमुख 70 व जिला पंचायत अध्यक्ष के 92 फीसदी पद अपने नाम किए हैं। इन विधि सबसे खास बात यह रही है कि सत्ता पक्ष भाजपा ने 5 जिला पंचायतों में निर्विरोध जीत हासिल की है। उत्तरकाशी में रमेश चौहान, चंपावत में आनंद सिंह अधिकारी, उद्यम सिंह नगर में अजय मौर्य और पिथौरागढ़ में जितेंद्र प्रसाद, टिहरी से इशिता सजवाण ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की है। बड़ी संख्या में भाजपा प्रत्याशियों ने ब्लॉक प्रमुख चुनाव निर्विरोध जीता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पंचायत चुनाव में मिली बंपरजीत का श्रेय पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं दिया है। भट्ट ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे न केवल जनता ने सीएम पुष्कर सिंह धामी की विकास नीति पर मुहर लगाई है, बल्कि विकास को और गति देने का मार्ग भी प्रशस्त किया है।85 फीसदी से अधिक प्रधान पदों पर निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह ब्लॉक प्रमुख की 70 फीसदी से अधिक सीटें भाजपा उम्मीदवारों ने जीती है। वहीं अब तक सामने आए 11 जिला पंचायत अध्यक्ष के नतीजे में 10 भाजपा के पक्ष में आए हैं। भट्ट ने इसे पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व की जीत बताया है। पंचायत की ये जीत 27 के चुनावों में ट्रिपल इंजन की हैट्रिक लगाने में कारगर साबित होगी।

### नैनीताल में शांतिपूर्ण मतदान में बाध पहुंचाना चाहते हैं कांग्रेस नेताः भट्ट

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस नैनीताल में शांतिपूर्ण मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने के लिए उग्र वातावरण बनाना चाहती है और इसका नजारा गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के दौरान दिख गया है। उन्होंने घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गयी और गुंडागर्दी की गयी। नेता प्रतिपक्ष और वहाँ के विधायक ऐसा वातावरण बना रहे थे उन्हें जवाब देना चाहिए। आखिरकार उनके हाथ में 15 निर्वाचित सदस्यों के प्रमाण पत्र कैसे आये, क्योंकि वह मतदाताओं के हाथ रहने चाहिए थे। भट्ट ने कहा कि जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख चुनावों में जीत का दावा करने वाली कांग्रेस, नतीजे आने से पहले ही ऐसे पीछे हट गई मानो मैदान में आई ही न हो। जिला पंचायत की 12 सीटों में से सिर्फ 4 पर और ब्लॉक प्रमुख के 89 पदों में से सिर्फ 7 पर उम्मीदवार उतारना ये किस तरह का चुनावी जोश है? बाकी जगह पर हार-जीत तो भाजपा और निर्दलीयों के बीच ही होनी है, कांग्रेस का नाम-ओ-निशान भी नहीं।

## सीएम की विकास योजनाओं के पक्ष में जनता का मत : भट्ट

### कहा -बम्पर जीत का दावा करने वाली कांग्रेस का सूपड़ा साफ, दहाई का अंक छूना हुआ मुश्किल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रमुख चुनाव में प्रचंड जीत पर खुशी जताते हुए जनता और मतदान करने वाले सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसे पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व की जीत बताया है। पंचायत की ये जीत 27 के चुनावों में ट्रिपल इंजन की हैट्रिक लगाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों से अपनी जीत को शालीनता से स्वीकारने का आग्रह किया है। साथ ही कांग्रेस



द्वारा अपनी गिनी चुनी जीत पर जश्न को उन्होंने असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना रवैया बताते हुए धराली आपदा पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने वाला बताया। भट्ट ने राज्य भर से आ रही जीत की सूचनाओं के बीच पार्टी मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे जीत की बधाई दी। इस दौरान कई नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात कर उनका आभार जताया और प्रदेशाध्यक्ष ने सभी को बधाई दी।

भट्ट ने कहा कि देवभूमि की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। यह प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के परिणाम से साबित हो गया था। हमारे कार्यकर्ता 85 फीसदी से अधिक प्रधान पदों पर निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह ब्लॉक प्रमुख की 70 फीसदी से अधिक सीटें भाजपा उम्मीदवारों ने जीती है। वहीं अब तक सामने आए 11 जिला पंचायत अध्यक्ष के नतीजे में 10 भाजपा के पक्ष में आए हैं। भट्ट ने कहा कि पंचायत चुनाव ने राज्य की दलीय स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। बम्पर जीत का दावा करने वाली कांग्रेस को जनता ने उसकी असलियत बता दी और उसका सूपड़ा साफ हो गया। जिला पंचायत मे 4 अधिकृत प्रत्याशियों मे से उसे एक सीट मिली तो ब्लॉक मे 7 अधिकृत प्रत्याशियों मे उसके 3 जीत पाए। कांग्रेस का दुष्प्रचार काम नही आया और जनता ने उसे कड़ा सबक सिखा दिया।

उन्होंने इस शानदार एकतरफा जीत दिलाने के लिए प्रदेश की ग्रामीण मतदाताओं और सभी निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। वहीं इस प्रचंड जीत को कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों और प्रधानमंत्री के राज्य के प्रति लगाव पर जनता का आशीर्वाद बताया। वहीं उन्होंने पूरे पंचायत चुनाव में पार्टी समन्वयक ज्योति प्रसाद गैरोला का भी जमकर तरफ करते हुए आभार व्यक्त किया।

# शोध को समाज से जोड़ने की आवश्यकता

## मुक्त विश्वविद्यालय के स्थापना की 20वीं वर्षगांठ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय (यूओयू) ने अपनी 20 वर्षों की प्रगति और 69वें स्वतंत्रता दिवस के दूसरे दिन को सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सितार और शास्त्रीय रागों की मधुर धुनों से हुई, इसके बाद गोविंद बल्लभ पंत संग्रहालय, अल्मोड़ा द्वारा आयोजित उत्तराखंड के स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों की पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि एनटीए अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी और कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि प्रो. जोशी ने कहा कि छोटी-छोटी सकारात्मक पहलें समाज और विश्वविद्यालय की दिशा तय करती हैं। उन्होंने शोध को समाज से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि समाज की जिम्मेदारी उठाना हर शिक्षार्थी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्रो. दुर्गेश पंत ने विश्व. विद्यालय की 20 वर्षों की यात्रा को साझा करते हुए बताया कि किराए के कमरों से शुरू होकर आज यूओयू तकनीकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अग्रणी बना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब एआई एनेबल पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रहा है, जिससे शिक्षार्थियों को अधिक लचीलापन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिलेगा। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लो. हनी ने विश्वविद्यालय की युवा अवस्था की ओर संकेत करते हुए कहा कि अब प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग जरूरी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय की जानकारी को अपने नेटवर्क के माध्यम से साझा करें ताकि अधिक लोगों तक पहुंच बनाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल एवं वनमाली सृजन अभियान द्वारा एक पोस्टर का विमोचन किया गया, साथ ही विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का शुभारंभ भी हुआ। दूसरे सत्र में भारतीय वन अनुसंधान केंद्र देहरादून के प्रो. यशपाल सिंह और मानसखंड विज्ञान केंद्र के प्रो. जीसीएस नेगी ने शिक्षा और शोध की अवधारणाओं पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि शोध का उद्देश्य सत्य की तह तक पहुंचना है और शिक्षा को आनंददायक बनाने के लिए स्पष्टता जरूरी है। मंच पर विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ प्रोफेसर और शोधार्थी उपस्थित रहे, जिनमें प्रो. पीडी पंत, प्रो. मंजरी अग्रवाल, प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे, प्रो. राकेश चंद्र रयाल, डा. शशांक शुक्ला, डा. नागेन्द्र गंगोला प्रमुख थे।

# ...मानो बिहार या उत्तर प्रदेश हो

## राजनीतिक तांडव ने देवभूमि के माथे पर लगाया कलंक

**शाहवेज़ खान**

**शाह टाइम्स, हल्द्वानी।** क्या उत्तराखंड की कल्पना इसलिए की गई थी? क्या उन शहीद राज्य आंदोलनकारियों ने इसी दिन के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी? एक शांत, सभ्य और संस्कृति से परिपूर्ण राज्य की राजनीति आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां लोकतंत्र की गरिमा तार-तार हो रही है। जिला पंचायत जैसे मामूली से चुनाव में जिस तरह सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने लो. कतंत्र का मजाक उड़ाया है, उसने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है।

नैनीताल से लेकर द्वाराहाट, बेतालघाट से कालाढूंगी तक, हिंसा और अराजकता की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वह उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य के चेहरे पर कलंक बन गई हैं। नैनीताल में सियासी बवंडर, बेतालघाट में गोलीबारी, द्वाराहाट में पत्थरबाज़ी, और कोटाबाग में खुलेआम पिस्तौल लहराए जाने जैसी घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि अब उत्तराखंड की राजनीति भी बिहार और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हिंसक और बेलगाम होती जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो और तस्वीरें उस नंगे सच को उजागर कर रही हैं, जिसे न पुलिस छिपा पा रही है और न प्रशासन रोक पा रहा है। पुलिस और प्रशासन की चुप्पी, उनका मूकदर्शक बनकर सब कुछ देखना, कानून-व्यवस्था की पूरी मशीनरी पर सवालिया निशान खड़ा करता है। स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले, जिस तरह का शर्मनाक प्रदर्शन जिला पंचायत चुनावों में सामने आया है, उसने न केवल लोकतंत्र को मज़ाक बना दिया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि नेताओं के लिए सत्ता की लालसा, सिद्धांतों और नैतिकता से कहीं अधिक बड़ी हो गई है। नेता एक-दूसरे को खुलेआम गालियां दे रहे हैं, अपहरण और किडनैपिंग की बातें सामने आ रही हैं, और सत्ता पाने के लिए हर हद को पार किया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई भी राजनीतिक दल दूध का धुला नहीं दिखता। इस अराजकता में चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, सबने अपनी-अपनी भूमिका निभाई है। उत्तराखंड के आम नागरिकों के लिए यह एक चेतावनी है। उन्हें समझना होगा कि राजनीति के नाम पर जो गुंडागर्दी परोसी जा रही है, वह आने वाले समय में प्रदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर सकती है। अब वक्त आ गया है जब जनता को सवाल पूछने होंगे प्रशासन से, सरकार से और उन नेताओं से जो देवभूमि को दलदल में धकेल रहे हैं। यह सिर्फ अफसोस का नहीं, जवाबदेही तय करने का वक्त है। वरना वह दिन दूर नहीं जब यह पर्वतीय राज्य अपनी राजनीतिक हिंसा और अराजकता के लिए जाना जाएगा, न कि अपने शौर्य, संस्कृति और बलिदान के लिए।




## लाल निशान नहीं हटे, तो आंदोलन: रोहित कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जवाहर नगर के सैकड़ों परिवार अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित विस्तारीकरण की चपेट में आ रहे हैं। मामला हल्द्वानी में गर्माया हुआ है और जनता घरों को बचाने के लिए सड़कों पर उतरी हुई है। शहर के प्रमुख राजनेताओं ने जवाहर नगर के इन प्रभावित लोगों को असहाय छोड़ दिया है। जवाहर नगर की जनता चंद जागरूक लोगों तथा जनप्रतिधियों के साथ अपनी लड़ाई लड़ रही है। पार्षद रोहित कुमार ने मुद्दो ज़ोरों पर उठाया हुआ है। वे निरंतर प्रभावित परिवारों के बीच पहुंच रहे हैं। प्रेस को जारी बयान में रोहित कुमार ने कहा है कि जवाहर नगर में गौला किनारे लोगों के घरों में रेलवे तथा जिला प्रशासन ने जो लाल निशान लगाए हैं उनसे लोग घबराए हुए हैं। यहां बरसों से रह रहे परिवारों की रातों की नींद उड़ी हुई है। निशान लगाकर घरों को तोड़ने की सरकार की मंशा निंदनीय है। रोहित कुमार का कहना है कि यहां रह रहे लोगों के पास वर्षों पुराने कागज़ मौजूद हैं लेकिन रेलवे तथा प्रशासन उनकी बात सुनने को राज़ी नहीं है। गरीब लोगों को अतिक्रमणकारी बताकर घरों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर इस कार्यवाही को बंद नहीं किया गया तो एक बहुत बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।



# 'एक-एक पैसा जोड़कर बनाए हैं घर-मकान'

## लाल निशान के विरोध में सड़कों पर जनता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अमृत योजना के तहत रेलवे द्वारा मकानों पर लगाए जा रहे लाल निशानों के विरोध में गुरुवार को भीम आर्मी ने प्रदर्शन करते हुए रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि रेलवे द्वारा हल्द्वानी-लालकुआं क्षेत्र में जिन रिहायशी मकानों, मंदिरों, मस्जिदों और दुकानों पर लाल निशान लगाए जा रहे हैं, उन्हें तोड़े जाने की कार्यवाही को रोका जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन स्थानों पर निशान लगाए गए हैं, वहां लोग पिछले करीब 50 वर्षों से रह रहे हैं। अधिकतर लोग अत्यंत गरीब हैं और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।

यदि उन्हें उजाड़ा गया तो उनके पास रहने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं बचेगा, जिससे कई परिवार आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो सकते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिन मकानों को हटाने की बात की जा रही है, वे बेहद साधारण हैं अभी भी कई घरों की छत पर टीन-टप्पर लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमृत योजना जो विकास के लिए लाई गई थी, अब गरीबों के लिए विष योजना बन गई है। रेलवे द्वारा जिस क्षेत्र को खाली कराने की बात की जा रही है, वह गोला नदी के पास है, जहां रेलवे का निर्माण कार्य संभव नहीं है। ज्ञापन में यह तर्क भी दिया गया कि नदी के तेज बहाव से पहले भी रेलवे लाइनें बह चुकी हैं और ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि किसी कारणवश लोगों को हटाया जाता है, तो पहले उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिवार का जीवन संकट में न आए। ज्ञापन देने वालों में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीवन चंद्र आर्य, फिरोज़ खान, राज. कुमार निवेश, नवीन मूलनिवासी, महेश चंद्र, हरीश लोधी, मोहम्मद सलीम, जीतराम, गोविंद राव, राजू राजभर, वसीम अहमद, तस्लीम अहमद, मोहम्मद अबरार, चंदा, मुन्नी देवी, सुशीला देवी, सायरा, फकीरन समेत अनेक लोग शामिल रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रॉसकंट्री दौड़

## हल्द्वानी स्टेडियम में युवाओं ने दिखाया जोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रात: 6.30 बजे हल्द्वानी स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेल निदेशालय उत्तराखंड के तत्वावधान एवं जिला प्रशासन नैनीताल के मार्गदर्शन में, जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

दौड़ की शुरुआत मेयर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। अत्यधिक बारिश के बावजूद युवाओं के उत्साह को देखकर मेयर ने कहा कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के इन होनहारों से भविष्य की बड़ी उम्मीदें हैं। दौड़ में अंडर-14 आयु वर्ग के बालक/बालिका, 45 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष/महिला तथा ओपन सीनियर वर्ग के पुरुष/महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुल 104 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। अंडर-14 आयु वर्ग बालक वर्ग में विक्की, ओम, लक्ष्य विजेता रहे। बालिका में त्रिवेणी, दामिनी जोशी, अराधना, जबकि 45 वर्ष प्लस वर्ग में मदन सिंह, कमलेश तिवारी, प्रकाश और महिला वर्ग में दीप्ति सिंह, पुष्पा भट्ट, मोहित सिंह विजयी रहे। ओपन सीनियर पुरुष वर्ग में पंकज, विनय, सिद्धार्थ तथा महिला वर्ग में खुशी, दिया, नेहा विजेता रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की भूमिका में किशोर पाल, त्रिलोक जीना, सतीश कुमार, श्याम मन्नू भट्ट, आनंद सिंह, महेश बिष्ट, निलेश गुप्ता, उमेश रावत, गोपाल नेगी, तनुजा आर्य व पूनम शिरोला आदि शामिल रहे। इस अवसर पर किशोर बाफिला, जगत नेगी, तनुज पाण्डेय समेत अनेक खेल प्रेमी भी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### मीडिया प्रभारी पद से दलजीत दल्ली का इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब, राजेन्द्र नगर के मीडिया प्रभारी पद पर सेवा दे रहे सरदार दलजीत सिंह दल्ली ने निजी कारणों के चलते अपना त्यागपत्र मुख्य सेवादार सरदार रणजीत सिंह नागपाल को सौंप दिया। दलजीत सिंह ने बताया कि उन्हें यह सेवा मुख्य सेवादार जी और सभी पदाधिकारियों के आशीर्वाद से सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने पूर्ण समर्पण भाव से निभाने का प्रयास किया। लेकिन व्यक्तिगत कारणों के कारण वे अब इस सेवा को सुचारु रूप से नहीं निभा पा रहे हैं, जिस कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। इस्तीफा सौंपते हुए उन्होंने गुरु घर में भविष्य में भी सेवा करने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे हमेशा गुरुघर की सेवा में तत्पर रहेंगे। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में माफी मांगते हुए कहा कि यदि सेवा में अनजाने में कोई त्रुटि हुई हो, तो प्रभु उन्हें क्षमा करें और आगे भी उन्हें निस्वार्थ सेवा करने योग्य बनाए रखें। दलजीत सिंह ने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और संगत के सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि वह संगत से जुड़े रहकर सेवा करते रहेंगे।

### आउटसोर्स कर्मचारियों ने सीएस को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन ने मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लि. में वर्षों से कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को एसएचजी से भुगतान कराये जाने की मांग की है। मुख्य सचिव को भेजे ज्ञापन में संगठन ने बताया कि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन में वर्षों से विभिन्न पदों लाइनमैन मीटर रीडर एसएसओ व स्टाम ऑफिस में निविदा/ठेकेदारी प्रथा से कार्य कर रहे है, जिन्हे पावर कारपोरेशन/बाध्य एजेंसियों द्वारा न्यूनतम वेतनमान नहीं दिया जा रहा है और ईएसआई, ईपीएफ जैसी सुविधाओं का लाभ भी बहुत कम संख्या दिया जा रहा है। उपनल एवं एसएचजी की तरह प्रोत्साहन भत्ता और रात्रि भत्ता भी प्रदान किया जाये। साथ ही उन्होंने गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल के आउटसोर्स कर्मचारियों को समान वेतन देने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन एवं सरकार द्वारा मांगों गौर नहीं किया जाता है तो एक अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

### जन्माष्टमी पर सजेगा लटूरिया बाबा आश्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री लटुरिया महाराज आश्रम मंदिर समिति में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाने के लिए अंतिम तैयारियों को लेकर मंदिर कमेटी की बैठक संरक्षक सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पूरे मंदिर को आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है। साथ ही भगवान की सभी मूर्तियों का भव्य श्रृंगार किया जा रहा है। 15 व 16 अगस्त को शाम छह बजे से भजन संध्या तथा श्री कृष्ण-राधा का आकर्षण नृत्य एवं झांकियों की प्रस्तुति होगी। मंदिर का मुख्य आकर्षण बजरंग गुफा, जहा स्वचालित झांकियां को सुन्दर ढंग से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में प्रेम गुप्ता, नीरज प्रभात गर्ग, राजीव अग्रवाल, भोलानाथ केसरवानी, गिरीश केसरवानी, राधेश्याम अग्रवाल, पंडित राजेश जोशी मौजूद रहे।

### मलबे की चपेट में आई कार, हादसा टला

**नैनीताल।** जिले के नैनीताल के समीप बल्दियाखान क्षेत्र में पहाड़ी से मलबा गिरने के चलते कार दब गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। बता दें कि वीरवार को भारी बारिश के दौरान रूसी बाइपास व बल्दियाखान के बीच पडाड़ी से अचानक मलबा गिर गया। मलबा गिरने के दौरान वहां से गुजर रही कार मलबे के चपेट में आ गई। और मलबे में दब गई। हांलाकिं कार में सवार लोग किसी तरह बच गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। एनएच की जेसीबी मलबा हटा रही है।

### बर्डफ्लू: बाहर से आने वाले अंडों पर रोक

**नैनीताल।** देश के कई राज्यों में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) ने नैनीताल में भी खौफ पैदा कर दिया है जिसके चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर यूपी और उधमसिंह नगर से नैनीताल जिले में आने वाले पोल्ट्री प्रोडक्ट मुर्गियों और अंडों पर रोक लगा दी गई है साथ ही पशुपालन विभाग को जिले में मौजूद पोल्ट्री फार्मो से सैंपल कलेक्ट कर जांच कराने के निर्देश दे दिए हैं। बता दें कि कई राज्यों में बर्ड फ्लू के चलते मुर्गियों की मौत हो रही है। जिसके चलते नैनीताल जिले में भी प्रशासन चौकन्ना हो गया है। जिले में बर्ड फ्लू फैलने से बचाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर यूपी और उधम. सिंह नगर से नैनीताल जिले को सप्लाई होने वाली मुर्गियों और अंडों पर बैन लगा दिया गया है। बाहरी राज्यों से आने वाले मुर्गी अंडों के वाहनों को वापस किया जा रहा है। साथ ही जिले में मौजूद सभी पोल्ट्री फार्मों में पशु चिकित्सा विभाग की टीमों की ओर से सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. डीसी जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यूपी और उधमसिंह नगर बार्डर से आने वाले मुर्गी और अंडों के वाहनों पर रोक लगाई गई है। बताया कि अब तक जिले के मैदानी क्षेत्र में 40 से ज्यादा पोल्ट्रीफार्म से सैंपलिंग की जा चुकी है। पोल्ट्रीफार्म से सैंपल लेकर लैब को भेजे जा रहे हैं। बताया कि अब तक जिले में कोई भी बर्ड फ्लू का मामला सामने नहीं आया है। बताया कि जिले में कई टीमें बनाई गई हैं जो जिले मके अलग-अलग हिस्सों में जांच कर रही हैं।

# एमबी महाविद्यालय में तिरंगा रैली

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर एनएस बनकोटी द्वारा छात्रों को तिरंगा भेंट कर की गई। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स, छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और समस्त उपस्थितजनों को तिरंगे की शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रो. बनकोटी ने अपने संबोधन में कहा आज़ादी का अमृत पर्व हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा न केवल भारत के गौरव और सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और बलिदान की भावना को भी दर्शाता है। तिरंगा रैली में एनसीसी 24 यूके गर्ल्स की एएनओ लेफ्टिनेंट डा. ज्योती टम्टा, 78 यूके बटालियन से कैप्टन सुरेंद्र सिंह धपोला, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डा. दीपा सिंह, डा. किरण कर्नाटक, डा. कविता बिष्ट, डा. हीरा सिंह भाकुनी, डा. गोकुल सत्याल एवं सुरेंद्र सिंह रौतेला समेत महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

**नोटिस बनाम्**- 1. फहीम अहमद पुत्र फरीद अहमद निवासी ग्राम जाफतागंज, थाना-नजीबाबाद, जिला - बिजनौर, उ०प्र०
2. श्रीमती जोया परबीन पत्नी फहीम अहमद
3. आम जनता

मै फरीद अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी लोअर बाजार पौड़ी, थाना पौडी, जिला पौड़ी एतदद्वारा आम व खास को सूचित करता हूँ कि उक्त फहीम अहमद पुत्र फरीद अहमद जो कि मेरा पुत्र है जिसकी बेजा हरकतों से मै बहुत परेशान हूँ इसलिए मै उक्त फहीम अहमद को अपनी स्वअर्जित चल अचल सम्पति जो कि ग्राम - पौड़ी, जिला पौड़ी व ग्राम जाफतागंज, जिला - बिजनौर मे है, से उक्त फहीम अहमद व उसकी पत्नी श्रीमती जोया परबीन को बेदखल करता हूँ। उक्त फहीम अहमद पुत्र फरीद अहमद व उसकी पत्नी श्रीमती जोया परबीन के द्वारा किसी भी व्यक्ति से मेरी चल अचल सम्पति के बारे मे कोई इकरारनामा या आश्वासन आदि कुछ भी किया गया हो वह गैर कानूनी मानी जायेगी। इस सूचना के प्रकाशित होने के पश्चात उक्त फहीम अहमद के मेरी चल/अचल सम्पति पर कोई हक हकूकात नही होंगे तथा वह मेरी चल/अचल सम्पति से बेदखल माने जायेंगे। इसलिए आम व खास सूचना जानें।

**भवदीय,**
**फरीद अहमद**
**निवासी लोअर बाजार पौड़ी**

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल: cb3038@canarabank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. (सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड https://baanknet.com/ पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा<br>पूजा पुत्री बनवारी लाल (उधारकर्ता/बंधककर्ता) 301 वार्ड नंबर 08, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन- 263153, मोबाइल: 9568560000<br>श्रीमती. नीतू पत्नी भगवान दास (गारंटर) वार्ड नंबर 08 रामपुरा, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, 263153, मो: 9568276524<br>दिनेश (सह-उधारकर्ता) 191 वार्ड नंबर 8, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन - 263153, मोबाइल: 9917965311 | ग्राम बरीराई, तहसील गदरपुर, जिला यू एस नगर में स्थित आवासीय भवन का ईएमटी, जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 00820 वर्ग 1 गा, खसरा क्रमांक 1401 मिन है, जिसका क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट या 78.07 वर्ग मीटर है।<br>चौहदी :- पूर्व: 3.962 मीटर चौड़ी सड़क (13 फुट) उसके बाद नहर, पश्चिम: दिवाकर राणा की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि,<br>(सांकेतिक कब्जे में संपत्ति) | रु. 27,03,052.78 (केवल सत्ताईस लाख तीन हजार बावन और अठहत्तर पैसे) दिनांक 12.12.2023 तक साथ ही व्यय, अन्य शुल्क आदि सहित अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो वसूली घटाकर | a. 25.36 लाख<br>b. 2.54 लाख<br>c. 10,000/-<br>d. 13.08.2025 | 18.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>17.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 2. | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा<br>मेसर्स गोयल ब्रिक फील्ड प्रोप. श्री पवन कुमार गोयल पुत्र श्री हरेंद्र कुमार गोयल वर्तमान पता: मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667<br>श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल वर्तमान पता: मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667 | श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल के नाम आवासीय संपत्ति का वह समस्त भाग, जो उत्तरमुखी मकान संख्या 126 के एक अहाते का, नगर पंचायत लंढौरा के अंतर्गत, मोहल्ला किला लंढौरा में स्थित, परगना मंगलौर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार।<br>कुल क्षेत्रफल 427.50 वर्ग मीटर।<br>चौहदी:- पूर्व: श्री सतेंद्र शर्मा और श्रीमती राजकुमारी का मकान, पश्चिम: श्री राकेश की संपत्ति, उत्तर: 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण: श्री सुनील बालिया का मकान<br>(संपत्ति रचनात्मक कब्जे में है) | रु. 23,99,049.00 (केवल तेईस लाख निन्यानवे हजार उनचास रुपये) दिनांक 28.02.2019 तक ब्याज और लागत आदि सहित। | a. 43.46 लाख<br>b. 4.35 लाख<br>c. 50,000/-<br>d. 13.08.2025 | 18.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>17.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 3. | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा<br>1. मेसर्स पर्ल इंटरनेशनल पार्टनर श्री अबरार अहमद पंजीकरण कार्यालय- द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713 इसके अलावा- प्लॉट नंबर- 33, खसरा नंबर 86 मिन, गांव- महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, पिन- 244713<br>2. श्री. अबरार अहमद पुत्र इरशाद हुसैन निवासी- द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713<br>3. श्रीमती. रफत अबरार पत्नी- श्री अबरार अहमद निवासी- द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713<br>4. श्री. फराज अहमद पुत्र श्री अबरार अहमद निवासी-द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713 | फैक्ट्री भूमि और भवन, ग्राम- महुआखेड़ा गंज, तहसील- काशीपुर में स्थित, प्लॉट संख्या- 33, खसरा संख्या 86 न्यूनतम क्षेत्रफल 0.4000 हेक्टेयर, मेसर्स पर्ल इंटरनेशनल के नाम पर, इसके साझेदार श्री साकेत राठी पुत्र श्री नंद किशोर राठी के माध्यम से।<br>चौहदी- पूर्व- सड़क (नंद नगर औद्योगिक क्षेत्र की) पश्चिम- अन्य व्यक्ति की जमीन उत्तर- प्लॉट संख्या 32 दक्षिण- प्लॉट संख्या 34 (सांकेतिक कब्जे में संपत्ति)<br>खसरा संख्या 62 में स्थित आवासीय भवन, गांव- जसपुर खुर्द, गिरिथल रोड, तहसील- काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर में न्यूनतम क्षेत्रफल 3321.50 वर्ग फुट या 308.69 वर्ग मीटर, श्रीमती रफत अबरार पत्नी श्री अबरार अहमद ("द ब्लेसिंग्स", डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड") के नाम पर है।<br>चौहदी- पूर्व- 18 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता पश्चिम- श्री बद्री विशाल बिल्डर्स की संपत्ति उत्तर- विक्रेता की संपत्ति दक्षिण- विक्रेता की संपत्ति (सांकेतिक कब्जे में संपत्ति) | रु.4,77,01,340.32 (रुपये चार करोड़ सतहत्तर लाख एक हजार तीन सौ चालीस और बत्तीस पैसे मात्र) जिसमें 31.12.2023 तक का ब्याज तथा 01.01.2024 से लागू दर पर अतिरिक्त ब्याज, व्यय, अन्य शुल्क आदि, यदि कोई वसूली हो, तो उसे घटाकर | a. 195.00 लाख<br>b. 19,50,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 13.08.2025<br>a. 114.00 Lakh<br>b. 11,40,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 13.08.2025 | 18.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>17.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। 17.09.2025 तक। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |

दिनांक: 13.08.2025, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बम स्क्वॉयड ने

# रेलवे स्टेशन व बस अड्डा खंगाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर बम स्क्वॉयड ने भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग की। चेकिंग में यात्रियों का सामान, बस, ट्रेन, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा परिसर, कूड़ेदान व अन्य जगहों को खंगाल गया। रेलवे स्टेशन और रुड़की डिपो परिसर में स्थिति सामान्य मिलने पर चेकिंग टीम ने राहत की सांस ली।

राष्ट्रीय और धार्मिक पर्वों पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो जाता है। ताकि असामाजिक तत्व और आपराधिक लोगों को दूर रखा जा सके। बृहस्पतिवार को बम स्क्वॉयड ने रुड़की रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की। चेकिंग में जीआरपी चौकी इंचार्ज प्रीति कर्णवाल के निर्देश पर ट्रेन, यात्रियों के सामान, कूड़ेदान और टिकट घर आदि जगहों को खंगाला गया। जबकि यात्री कहां और किस जगह जा रहे हैं इस बारे में जानकारी ली। जिसके बाद बम स्क्वॉयड ने रुड़की डिपो परिसर का रुख किया। यहां बम स्क्वायड में शामिल प्रवीण कुमार, मंजीत कुमार, दिनेश कुमार, दिवेश कुमार और डॉग रोजर पहुंचे। जिसके बाद टीम की ओर से बसों में सघन चेकिंग की गई। जबकि यात्रियों के सामानों को भी चेक किया। दोनों जगह ही चेकिंग के बाद स्थिति सामान्य मिलने पर बम स्क्वॉयड ने राहत की सांस ली।



# जेएम ने उर्स की तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757 वे सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने कलियर पहुंचकर दरगाह क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने उर्स शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओ को पूरा करने के दरगाह प्रबंधक को निर्देश दिए।

दरगाह साबिर पाक का सालाना उर्स 24 अगस्त से मेहंदी डोरी की रस्म के साथ शुरू हो जाएगा।उर्स में देश विदेश से जायरीन कलियर पहुंचते हैं।उर्स की व्यवस्थाओं को लेकर ब्रस्पतिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट कलियर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दरगाह क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान दरगाह प्रबंधक को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने मस्जिद के बेसमेंट का जायजा लिया।साबरी गेस्ट हाउस में चल रही दानपात्रों की गिनती का भी जायजा लिया।उन्होंने कहा कि दरगाह साबिर पाक के सालाना उर्स/मेले की तैयारियों के संबंध में निरीक्षण कर दरगाह प्रबंधक को उर्स/मेले से सम्बंधित सभी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।इसके अलावा सफाई व्यवस्था को बेहतर करने को भी कहा गया है। उर्स/मेला शुरू होने से पहले सभी व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी।इस दौरान नायाब तहसीलदार धनीराम सैनी,दरगाह प्रबंधक रजिया, थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, सुपरवाइजर इंतखाब आलम,सारिक नियाजी,राव सिकन्दर हुसैन,असलम आदि मौजूद रहें।



# लालू हत्याकांड में पुलिस ने तीसरे हत्यारोपी को भी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** लालू हत्याकांड में पुलिस ने एक और हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व में भी दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। कोर्ट की पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

रुड़की कोतवाली को जबरदस्तपुर निवासी अमजद ने तहरीर देकर बताया कि भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू के खेत में पशु अवशेष मिल रहे थे। इन अवशेषों के मिलने पर रजा कुरैशी निवासी जौरासी पक्ष के साथ भाई की कहासुनी होने लगी थी। आरोप है कि आठ जुलाई को रात के वक्त भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू अपने खेत से घर की ओर वापस आ रहा था। तभी रणसुरा रोड जौरासी पर रजा कुरैशी पक्ष के लोगों ने भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले की सूचना मिलने पर परिवार भी मौके पर पहुंचा था। जहां रजा कुरैशी पक्ष के लोगों ने परिवार से भी गाली-गलौज कर मारपीट की थी। मारपीट में भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू को गंभीर चोट लगी थी। जिनको उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। जबकि परिवार के एक अन्य सदस्य अनीश को भी गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने फरमान, आशु, अमजद, शोएब, आमिर, माजीद, आसिफ, अब्दुल्ला, नोमान, अनस, जैद, और रजा कुरैशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। रंजिश में हुई हत्या के बाद पुलिस ने जैद और अनस को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने गुरुवार को माजिद निवासी गांव जौरासी जबरदस्तपुर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम में रणवीर और विशु पवार शामिल रहे।

# विशालकाय मगरमच्छ के घर में घुसने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के दाबकी महेश्वरी में रात्रि को 2:00 बजे मेघराज के घर के अंदर एक विशालकाय मगरमच्छ घुस गया जिससे परिजनों में हडकम मच गया। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद उस विशालकाय मगरमच्छ को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिली थी की रात्रि को गरीब रात्रि में 2:00 बजे दाबकी महेश्वरी में मेघराज के घर में एक विशालकाय मगरमच्छ घुस गया है उस पर तुरंत ही वन विभाग के टीम को भेजा गया वन विभाग की टीम ने रात्रि में ही कड़ी मशककत करते हुए उस विशालकाय मगरमच्छ का रेसक्यू किया तब जाकर मेघराज आदि के परिवार ने रात्रि में राहत की सांस ली उस मगरमच्छ का रेसक्यू करने वाली वन विभाग की टीम में जो शामिल रहे उनमें अनीश कुमार सैनी सुमित कुमार सैनी व गुरजंट सिंह वनकर्मी शामिल रहे पकड़े गए उस विशालकाय मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा एक नशा तस्कर 161.29 ग्राम अवैध चरस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** हरिद्वार पुलिस का ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025'' के तहत युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करो पर कड़ा प्रहार किया है। इसी के तहत 01 नशा तस्कर आज हरिद्वार पुलिस के हत्थे चढ गया है। उसके कब्जे से 161.29 ग्राम अवैध चरस बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ''ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन- 2025'' के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में एस0एस0पी0 हरिद्वार द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के तहत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना बुग्गावाला द्वारा युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अलग-अलग टास्क दिये गये है, प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया तथा मुखवीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। आरोपी के विरुद्ध दिनांक 13.08.2025 को पुलिस टीम द्वारा मजाहिद्पुर पुलिया से आरोपी दुष्यन्त पुत्र सुरेश नि0 मुजाहिदपुर सतीवाला थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार को 161.29 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बुग्गावाला पर अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है। नाम पता आरोपी-दुष्यन्त पुत्र सुरेश नि0 मुजाहिद्पुर सतीवाला थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार है। उससे बरामदगी161.29 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। पुलिस टीम अपर उ0नि0 बिजेन्द्र सिंह, हे0का0 गोपाल कुमार हो0गा0 सुखपाल शामिल रहे।

# पुलिस ने महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स सम्वाददाता**

**लक्सर।** महिला से दुष्कर्म के आरोपी को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 5 अगस्त 2025 को बेबी पत्नी स्वर्गीय बल्लू निवासी ग्राम महाराजपुर कला थाने पर तहरीर दी गई थी उसकी तोशीफ अली बहला फुसलाकर भगा ले गया जिसके आधार पर संबंधित अभियोग पंजीकृत किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा वाछित अभियुक्त की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए प्रभावित कारवाई करने के लिए निर्देशित किया गया जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा वाछित अभियुक्त को 14 अगस्त 2025 को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने उस व्यक्ति ने अपना नाम आसिफ अली पुत्र मजहरहसन निवासी दरगाहपुर कोतवाली लकसर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत ऊप निरीक्षक प्रियंका नेगी कांस्टेबल महेंद्र सिंह सुरेश चौहान शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## कप्तान ने किया शहीद मंगु सिंह वर्मा की मूर्ति का अनावरण

# शहीद सुनित नेगी को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली के इतिहास में दर्ज दो ऐसे वीरजिनके नाम पर आज भी वर्दी गर्व से सीना चौड़ा कर लेती है। 14 अगस्त 2013 डकैती डालने आए खूंखार अपराधियों से अकेले मोर्चा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर कर देने वाले शहीद सिपाही सुनित नेगी। सन 2000 बदमाशों से मुठभेड़ में डटे रहकर शौर्य की अमर मिसाल बन गए शहीद गंग नहर थाना अध्यक्ष मंगु सिंह वर्मा।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को इन दोनों अमर वीरों की स्मृति में हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल रुड़की पहुँचे। कोतवाली गंगनहर के बाहर, विधिवत हवन-पूजन के बाद, शहीद मंगु सिंह वर्मा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसके पश्चात शहीद सुनित नेगी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। दोनों शहीदों का अदम्य साहस हम सबके लिए प्रेरणा है। पुलिस वर्दी का हर जवान इनसे सीख लेकर पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य निभाए, एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल कार्यक्रम में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने भी शहीद सुनित नेगी की कर्तव्यनिष्ठा को याद किया और कहा कि उनका बलिदान उत्तराखंड पुलिस के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इस अवसर पर शहीद सिपाही सुनित नेगी की पत्नी रितु नेगी, माँ मनोरमा नेगी और बेटे हर्ष नेगी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। भावुक माहौल में उपस्थित लोगों की आँखें नम हो उठीं। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद भटनागर ने किया। इस दौरान सीओ नरेंद्र पंत, सीओ मंगलौर विवेक कुमार, कोतवाली गंगनहर प्रभारी आर.के. सकलानी, सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव, मंगलौर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार, राजेश रस्तोगी, विकास त्यागी सहित कई अधिकारी, पुलिसकर्मी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इन वीरों की गाथा, आने वाली पीढ़ियों को हमेशा बताई जाएगी। क्योंकि जो देश के लिए जीते और देश के लिए शहीद हुए, वे कभी भुलाए नहीं जाते।



# गेट तोड़कर सैन्य परिसर में घुसे दो हाथी, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** ढंडेरा रोड पर स्थित सेना के रिसाला गेट को तोड़ते हुए दो हाथी सैन्य परिसर में दाखिल हो गए। ये देखते ही हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रुड़की शहर में सुबह पहली बार हाथी की धमक दिखी। सुबह के समय ढंडेरा रोड पर दो हाथी गेट तोड़कर सैन्य परिसर में दाखिल हो गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। छावनी परिसर में हाथी दाखिल होने पर सुरक्षा में लगे जवान भी सतर्क हो गए। सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। फिलहाल टीम निगरानी कर रही है। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे ढंडेरा रोड पर स्थित सेना के रिसाला गेट को तोड़ते हुए दो हाथी सैन्य परिसर में दाखिल हो गए। ये देखते ही हड़कंप मच गया। तुरंत ही इसकी सूचना सैन्य अधिकारियों और वन विभाग को दी गई। टीम भी मौके पर पहुंची और हाथियों की निगरानी की। हालांकि हाथी कहां से आए और सेना के गेट तक कैसे पहुंचे इसका पता अभी तक नहीं चल सका है। देर शाम तक हाथियों ने सैन्य परिसर में ही ठिकाना बनाया हुआ था। उपप्रभागीय वन अधिकारी सुनील बलूनी ने बताया कि हाथी कहां से आए। इसकी जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस जगह हाथी वहां से बनाएं दूरी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो लोगों को भी चेतावनी दी कि जिस जगह हाथी है वहां से दूरी बनाकर रखी जाए। वन विभाग की टीम रात के समय ही हाथियों को जगह की ओर खदेड़ेगी।

# शीशम और खैर के पेड़ कटे मिले, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** प्रतिबंधित श्रेणी के वृक्षों का कटान होने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में शीशम की लकड़ी बरामद की। मौके पर खैर के पेड़ भी कटे हुए मिले। विभाग की ओर से चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

वन विभाग को लक्सर क्षेत्र में प्रतिबंधित वृक्ष काटे जाने की सूचना मिली थी। टीम को मौके पर शीशम की लकड़ी से भरी एक बोगी और दो ट्रैक्टर मिले। इस दौरान यहां खैर के कई पेड़ भी कटे मिले। हालांकि उनकी लकड़ी मौके पर नहीं थी। वृक्षों का कटान करने वाले लोग मौके से भाग निकले। वन क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मौके पर मिले वाहनों और लकड़ी को कब्जे में लिया गया है। आरोपी नासिर, मरगूब, इरफान और शाहनवाज निवासी ग्राम बुक्कनपुर के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 1349 हज आवेदकों का डिजिटल माध्यम से चयन 142 प्रतीक्षा में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज यात्रा 2026 के लिए रेंडम डिजिटल के माध्यम से की गई कुर्रान्दाजी में प्रदेश के 1349 हज आवेदकों का चयन हो गया है। 142 आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया हैं।

हज यात्रा 2026 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई की ओर से कुर्रा अंदाजी(लॉटरी) की प्रक्रिया के बाद चयनित आवेदकों की सूची जारी की गई। इस साल 1491 लोगों ने हज यात्रा के लिए आवेदन किया था।इनमें रिजर्व कैटेगरी के 159 आवेदकों को छोड़कर 1332 सामान्य आवेदकों की लॉटरी की गई।जिसमें 1190 आवेदकों का चयन हुआ। शेष 142 आवेदकों को वैटिंग सूची में रखा गया है। उत्तराखंड राज्य हज समिति के ईओ मोहम्मद आरिफ ने बताया कि केंद्रीय हज कमेटी ने चयनित आवेदकों को 1,52,300 रुपए की पहली किस्त 20 अगस्त तक हज कमेटी के बैंक खाते में जमा करनी होगी। शेष दो किस्ते तय होने के बाद जमा होगी। इसकी सूचना चयनित आवेदकों को पहले दे दी जाएगी।उन्होंने बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई के निर्देश के अनुसार कमेटी की वेबसाइट से पे-इन स्लिप डाउनलोड कर चयनित आवेदकों को अपना बैंक विवरण दर्ज करना होगा। फिर हज कमेटी के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व यूनियन बैंक आफ इंडिया के खाते में रकम जमा करनी होगी। यह रकम कमेटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है। चयनित आवेदकों को ऑनलाइन फॉर्म की हार्ड कॉपी, पे-इन स्लिप के , दो फोटो , फिटनेस सर्टिफिकेट बैंक की पासबुक/ कैंसिल चौक,पासपोर्ट की छाया प्रति 20 अगस्त तक हज हाउस पिरान कलियर के कार्यालय में जमा करना होगा।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मनीष व पुत्रवधू साक्षी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने मनीष व साक्षी पौत्री कनिष्का को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**राजेन्द्र कुमार पुत्र कलीराम निवासी ग्राम गाजीवाली पोस्ट, थाना श्यामपुर तहसील व जिला हरिद्वार**

# युवक पर किशोरी से दुराचार करने का आरोप

**लंढौरा।** लंढौरा क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसकी 17 वर्षीय पुत्री को घर पर अकेली देख उसके साथ दुराचार किया है। आरोप है कि युवक ने किशोरी को उसके खिलाफ कार्रवाई करने पर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी है। पिडित महिला ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार लंढौरा क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसकी के साथ दुराचार किया है। कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अगस्त की सुबह वह अपनी 17 वर्षीय पुत्री को घर पर छोड़कर लंढौरा अपनी बहन से मिलने आई थी। महिला का कहना है कि करीब 11 बजे थिथौला निवासी युवक घर आया। आरोप है कि युवक ने किशोरी को घर अकेला देख जबरदस्ती दुराचार किया। आरोप यह भी है कि जाते हुए आरोपी युवक ने पीड़ित किशोरी को जुबान बंद रखने की धमकी देते हुए किसी को बताने या पुलिस कार्रवाई करने पर किशोरी को उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी। महिला का कहना है कि जब वह घर पर पहुंची तो उसकी पुत्री बदहवाश हालत में घर पर मिली। महिला का कहना है कि उसकी बेटी बहुत ज्यादा डरी हुई है।

## भाजपा नेता सुबोध राकेश के नेतृत्व में

# भाजपाइयों ने शान से निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आज सुबोध राकेश के नेतृत्व में भाजपाईयों ने शान से निकाली तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा बुधवाशहिद से लेकर बुग्गावाला तक चली जिसमें गुंजा तिरंगा ऊंचा रहे हमारा का नारा।

जानकारी के अनुसार ज्वालापुर विधानसभा में बुधवाशहीद से बुग्गावाला तक वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कार्यकर्ताओ एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय कार लगाकर वंदे मातरम की गूंज के साथ तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने उपस्थित लोगों का विशेष कर युवाओं का हौसला बढ़ाया। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा तिरंगा हमारी स्वतंत्रता एकता और संस्कृति धरोहर का प्रतीक है। यह यात्रा बुधवाशहिद से लेकर बुग्गावाला तक चली जिसमें लोगों ने बढ चढकर हिस्सा लिया।



# बीएसएम पीजी कॉलेज में सशक्त भारत, नया भारत पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज बी.एस.एम (पीजी) कॉलेज में एन.एस.एस ईकाई कि ओर से कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दु अरोड़ा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'नया भारत सशक्त भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्ण हिस्सा लिया, व नये भारत की सशक्त तस्वीर को अपनी कल्पना द्वारा विभिन्न रंगों में प्रस्तुत किया। गोल्डी और लायबा ने नये सशक्त भारत पर अपने विचार रखे व आयशा और सायबा ने सशक्त भारत पर कविता प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोल्डी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर लायबा रेहमान रही, तृतीय स्थान आयशा ने प्राप्त किया व सान्त्वना पुरस्कार प्रीति को दिया गया। निर्णायक मंडल में इतिहास विभाग से डॉ रीमा सिन्हा व हिन्दी विभाग से डॉ सीमा गुप्ता रही। प्राचार्य प्रोफेसर गौतम वीर ने अपने संदेश में स्वयंसेवियों आशिर्वाद व शुभकामंनाए दी। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर वर्ग उपस्थित रहे।



एन.एस.एस की प्रीति, नाजिया, लायबा रेहमान, आयशा, गोल्डी, जुमरत व सायबा का सराहनीय सहयोग रहा।

उत्तराखण्ड शासन


15 अगस्त

## समस्त देशवासियों को

# 79वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# नये भारत का नया उत्तराखण्ड

### महिला सशक्तिकरण

हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड से उत्तराखण्ड महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध। को-ऑपरेटिव बैंकों और सहकारी समितियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण। मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना का हुआ शुभारंभ।

### बड़े निर्णय-बड़े प्रभाव

समान नागरिक संहिता, सशक्त भू-कानून, राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10% एवं सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू। राज्य में साढ़े 6 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त।

### युवा-शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार

बीते 4 वर्षों में 23 हजार से ज्यादा युवाओं को मिली सरकारी नौकरी। राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की आई कमी। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत अब तक 35 हज़ार लोगों ने शुरु किया स्वरोजगार। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखण्ड। उधम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। राज्य में 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच मुफ्त। अटल आयुष्मान योजना के तहत हर परिवार को मिल रहा हर साल ₹ 5 लाख तक का मुफ्त इलाज।

### सैनिकों का सम्मान

राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को बढ़ाकर किया गया 50 लाख रुपये। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़ाकर किया गया डेढ़ करोड़। देहरादून में सैन्य धाम का हो रहा निर्माण कार्य।

















### उत्तराखण्ड लिख रहा इतिहास

नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रैंकिंग में उत्तराखण्ड देश में प्रथम स्थान पर। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने 103 पदक प्राप्त कर नया रिकार्ड बनाया। प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नई सौर ऊर्जा नीति, की गई तैयार। सतत प्रयासों से राज्य की जी.एस. डी.पी. में 1.3 गुना और प्रति व्यक्ति आय में 11.33 प्रतिशत की हुई बढोत्तरी। जीएसटी संग्रहण में 14 प्रतिशत की वृद्धि। सौभाग्य योजना के तहत 2.5 लाख हजार परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन किए गए प्रदान।

### विरासत का संरक्षण

केदारनाथ धाम का दिव्य और भव्य पुनर्निर्माण। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल का होगा निर्माण। हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर का होगा निर्माण। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को किया जा रहा विकसित। महासू मन्दिर, हनोल के मास्टर प्लान को दी गई मंजूरी।

### पर्यटन

उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रुप में पुरस्कृत किया गया। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत क्षेत्र के 51 गांवों का चयन कर, किया जा रहा सुनियोजित विकास। राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ। राज्य में अब तक 4 हजार से अधिक होमस्टे पंजीकृत।

### कनेक्टिविटी

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा केवल 2.5 घंटे में पूरी होगी। गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य को मिली केंद्र सरकार से स्वीकृति। पिथौरागढ़ से पंतनगर, दिल्ली, देहरादून तक शुरु हुई उड़ान सेवा। ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना का कार्य तेजी से गतिमान। नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया। टनकपुर-बागेश्वर रेललाईन पर सर्वे का कार्य हुआ पूरा। उत्तराखण्ड को केंद्र से दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात।

### उद्योग एवं निवेश

एमएसएमई नीतिः नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन। ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फॉर्म में भारत सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्वीकृत। इन्वेस्टर्स समिट में 3.5 लाख करोड़ के एमओयू, 30 निवेश अनुकूल नई नीतियां, अब तक लगभग 1 लाख करोड़ की हुई ग्राउंडिंग।

विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

आओ, मिलकर फहराएँ हर घर तिरंगा

**बड़े आयोजन**

- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023
- जी-20 सम्मेलन 2023
- 38वें राष्ट्रीय खेल 2024
- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन - 2025
- विश्व आयुर्वेद कांग्रेस
- अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो - 2024 का राज्य में हुआ सफल आयोजन।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# लोकतांत्रिक जवाबदेही

किसी भी निर्वाचित विधानसभा में मताधिकार रखने वाले सदस्यों के मनोनयन जैसे बड़े फैसले लोकतांत्रिक जनादेश से आने चाहिएं, न कि प्रशासनिक विवेक से। केंद्रीय गृह मंत्रालय का जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट से यह कहना कि उप-राज्यपाल (एलजी) निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह के बगैर पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत कर सकते हैं, लोकतांत्रिक जवाबदेही को धता बताता है। हाईकोर्ट का संवैधानिक सवाल इससे ज्यादा सीधा नहीं हो सकता, क्या जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, जो एलजी को पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत करने की इजाजत देता है, जिससे अल्पसंख्यक सरकार बहुमत की सरकार में बदल सकती है और इसका उल्टा भी हो सकता है, संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, इस सवाल को संबोधित करने के बजाय, मंत्रालय कानून के तकनीकी बिंदुओं में चला गया। पुडुचेरी के के. लक्ष्मीनारायणन बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए, उसने अपनी दलील में कहा कि मनोनयन निर्वाचित सरकार के काम के दायरे से बाहर हैं। उसने दावा किया कि स्वीकृत संख्या में निर्वाचित और मनोनीत, दोनों तरह के सदस्य शामिल हैं। उसने लोकतांत्रिक परामर्श को दरकिनार करने के औचित्य के रूप में केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम (मतदान प्रक्रियाएं), 1963 की धारा 12 का भी उल्लेख किया। जब 119-सदस्यीय विधानसभा में पांच मनोनीत सदस्य सरकार की स्थिरता तय कर सकते हों, तो यह मुद्दा स्वीकृत संख्या की कानून-द्वारा-निर्धारित परिभाषाओं से परे चला जाता है। असल सवाल यह है कि क्या नियुक्त पदाधिकारियों को जनता का चुनावी फैसला उलट सकने की इजाजत देने वाला कोई कानूनी ढांचा संविधान की लोकतांत्रिक मूलभावना का उल्लंघन करता है। संशोधनों के जरिये वर्ष 2019 के अधिनियम में धारा 15ए और 15बी को शामिल किया गया, जो निर्वाचित विधानसभा में महिलाओं की अपर्याप्त नुमाइंदगी की स्थिति में दो महिलाओं को मनोनीत करने की मौजूदा शक्ति के अलावा, एलजी को दो कश्मीरी प्रवासियों (एक महिला सहित) और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर समुदाय से एक व्यक्ति को मनोनीत करने की इजाजत देते हैं। इस तरह पांच मनोनीत सीटें बनती हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को जिस तरह सूत्रबद्ध किया है उसमें इससे जुड़े जोखिमों को स्वीकार किया गया हैरू यह ह्अल्पमत सरकार को बहुमत की सरकार में बदल सकता है या इसका उल्टा भी कर सकता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया उलट सकती है। यह चिंता बेबुनियाद नहीं है , साल 2021 में, लक्ष्मीनारायणन के शासन के तीन साल बाद, पुडुचेरी में मनोनीत सदस्यों और दल-बदल करने वाले निर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस-नीत सरकार गिराने में योगदान दिया। इसके अलावा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरे के बिना जम्मू एवं कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही को और ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकारे जाने और जम्मू एवं कश्मीर में भारी समर्थन होने के बावजूद राज्य के दर्जे की बहाली का वादा अधूरा है, जो और भी जरूरी बनाता है कि मौजूदा इंतजामात को लोकतांत्रिक शासन मजबूत करना चाहिए। मंत्रालय की यह दलील कि मनोनयन ह्निर्वाचित सरकार के कामकाज के दायरे के बाहरह्व हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों द्वारा विकसित हो रहे न्यायसिद्धांत के विपरीत हैं। वर्ष 2018 और 2023 के दिल्ली की सेवाओं के मामलों में, उसने फैसला दिया कि एलजी को निर्वाचित सरकारों की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए।

## भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि



भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है, आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है, किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है, भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है, इस काल खंड में भारत की चेतना जागी, इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है,15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है, औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवासियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी लोगों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़फेंकने के लिए व्याकुल थे।

-द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात





योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्एक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रूपए बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रूपए खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रूपए से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।


आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्राय: कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ए बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ए आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिए पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है?

आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आजादी के मतवालों के प्रेरक एवं रोचक प्रसंग



श्वेता गोयल


भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए देश की आजादी की लड़ाई में हजारों देशभक्तों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही कुछ प्रमुख देशभक्तों से जुड़े कुछ रोचक तथा प्रेरक प्रसंगों को स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर स्मरण करना प्रासंगिक होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवावस्था में जब कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी।

फटे-पुराने चिथड़ों में भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह बुढ़िया सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमीटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराए और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिए और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिए। 1942 में जब भारत छोड़ो आन्दोलन शिखर पर था, उस दौरान क्रांतिकारी हेमू कलानी को पता चला कि आन्दोलनकारियों का दमन करने के लिए अंग्रेज सैनिकों से भरी एक विशेष रेलगाड़ी सक्खर से गुजरने वाली है। हेमू और उसके एक-दो साथियों ने उस विशेष रेलगाड़ी को ही उड़ाने का निश्चय किया और वे सक्खर से कुछ दूर पटरियां उखाड़ने पहुंच गए। वे एक-दो फिश प्लेटें ही उखाड़ पाए थे कि पुलिस आ पहुंची और पुलिस वालों ने उन्हें वहीं धर दबोचा। हेमू कलानी ने अपने मित्रों को वहां से किसी तरह भगा दिया और स्वयं गिरफ्तार हो गए। गिरफ्तारी के बाद हेमू से उसके मित्रों के नाम उगलवाने हेतु उसे खूब यंत्रणाएं दी गई किन्तु वीर हेमू कलानी ने अपनी जुबान नहीं खोली और सारा अपराध अपने सिर ले लिया। सुभाष चंद्र बोस आई। सी। एस। की परीक्षा देने लंदन गए। साक्षात्कार के दौरान एक सदस्य ने एक अंगूठी दिखाते हुए उनसे पूछा, मि. सुभाष, क्या आप इस अंगूठी में से निकल सकते हैं? यस सर! सुभाष चंद्र बोस ने तुरन्त उत्तर दिया। फिर कागज के एक टुकड़े पर उन्होंने अपना नाम लिखा और उसे अंगूठी में से निकाल दिया। फिर यह प्रश्न पूछने वाले सदस्य की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा, देखिए, सुभाष अंगूठी में से निकल गया। भारत और सोवियत संघ की संयुक्त सहायता से अंकलेश्वर में तेल के कुएं खोदे गए। उनमें से तेल निकला तो नेहरू जी काफी प्रसन्न हुए और वे कुएं देखने गए तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। अचानक तेल के कुछ छींटे नेहरू जी के कपड़ों पर आ गिरे, जिससे वहां उपस्थित सभी अधिकारी व अन्य व्यक्ति काफी परेशानी में पड़ गए। उन्होंने नेहरू जी से कपड़े बदलने का अनुरोध किया। इस पर नेहरू जी पहले मुस्कराए और फिर गर्व से बोले, ''वाह! इन छींटों को क्यों छिपाऊं? मैं इन्हीं कपड़ों में संसद में जाऊंगा और सभी को शान से दिखाऊंगा हमारे देश में निकले मिट्टी के तेल के धब्बे।''

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खेड़ा अफगान: देश की आजादी में रही अहम भूमिका

विपिन चौधरी









खेड़ा अफगान: देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों ने बहुत संघर्ष किया। बहुत से क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। जनपद में कई ऐसी जगह हैं जहां पर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांतिकारियों की योजनाएं बनती थी यानी क्रांतिकारी इन जगहों पर इकट्ठा होते थे। ऐसी ही एक जगह है नकुड ब्लॉक का गांव रणदेवा है।यह गांव क्रांतिकारियों की शरण स्थली रहा है।

गांव में ऐतिहासिक प्यारे जी महाराज मंदिर है जहां पर क्रांतिकारियों का जमावड़ा होता था और उसका नेतृत्व करते थे महंत जगन्नाथ दास।इस मंदिर में क्रांतिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती थी जैसे लाठी चलाना, भाला फेंकना आदि।क्रांतिकारियों के लिए यह जगह सुरक्षित थी और इसकी जानकारी अंग्रेजों को ज्यादा नहीं थी।महंत जी के नेतृत्व में जो क्रांतिकारी संघर्ष कर रहे थे उनमें मुख्य रूप से महाशय तुंगल सिंह गुर्जर बहादुरपुर, चौधरी रामनिवास पिलखनी,सुनहरा सिंह गुर्जर ढोलामाजरा, प्रताप सिंह गुर्जर नारायणपुर,अर्जुन सिंह गुर्जर बिश्नोट, चौधरी पवन सिंह गुर्जर ढायकी, परमानंद गुर्जर दैदपुरा, रूपराम सिंह गुर्जर नल्हेडा,रामनिवास गुर्जर पिलखनी, निरंजन सिंह गुर्जर जैनपुर, सहीराम गुर्जर जैनपुर, यतीन्द्र कुमार सिंह गुर्जर डूभर किशनपुर, तेलूराम शर्मा रणदेवा आदि थे।

**रेल की पटरियां उखाड़ते थे क्रांतिकारी**

रणदेवा के नजदीकी गांव जैनपुर के बुजुर्ग मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि क्रांतिकारियों का मुख्य कार्य रेल की पटरियां उखाड़ना,बिजली या फिर टेलीफोन के तार काटना और सड़कों में गड्ढे खोदना था।इसके लिए बाकायदा प्यारे जी महाराज मंदिर में क्रांतिकारियों की मीटिंग होती थी और क्रांतिकारी मंदिर में रात्रि के समय ही आते थे और वहीं पर भोजन करते थे।यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

**एक बार मंदिर में पहुंच गए थे अंग्रेज अधिकारी**

मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि एक बार क्रांतिकारियों की इस खुफिया जगह की भनक नकुड थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर डेनियल को लग गई थी। डेनियल बैलगाड़ी से अपनी टीम को लेकर जैनपुर गांव से होता हुआ रणदेवा पहुंचा था। वहां पर डेनियल को क्रांतिकारी तो नहीं मिले लेकिन मंदिर के छोटे महंत परिवर्तन दास द्धजो क्रांतिकारियों के लिए खाने की व्यवस्था करते थेऋ मिल गए थे। मास्टर वीर सिंह जी बताते हैं कि डेनियल ने उनकी खूब पिटाई की लेकिन उन्होंने किसी का भी नाम अपनी जुबान से नहीं खोला। किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं दिया।

**गांव में मुगलकालीन महल**

गांव रणदेवा के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा सबूत गांव में प्यारे जी महाराज का बहुत पुराना मंदिर और गांव में ही मुगल कालीन महल है। ग्रामीण बताते हैं कि यह महल औरंगजेब ने प्यारे जी महाराज के लिए बनवाया था।इस महल को बनवाने के लिए औरंगजेब मजबूर हो गया था क्योंकि गांव में स्थित प्यारे जी महाराज के मंदिर को जब औरंगजेब की सेना तोड़ रही थी तो प्यारे जी महाराज ने अपना चमत्कार दिखाते हुए उनकी आंखों की रोशनी छीन ली थी ऐसी चर्चाएं हैं।परेशान होकर औरंगजेब ने उस मंदिर को दोबारा बनवाना पड़ा था। इसके साथ-साथ प्यारे जी महाराज के लिए महल का निर्माण भी औरंगजेब ने ही करवाया था। खुर्दबुर्द महल में आज भी कंकड़ों की ईंटें लगी हुई हैं।

**सरकार से अपील**

मास्टर नरेशचंद शर्मा, कंवरपाल प्रधान,सुरेश मुखिया जैनपुर, योगेंद्र सिरोही नल्हेड़ा आदि का कहना है कि रणदेवा गांव में महान क्रांतिकारी महंत जगन्नाथ दास का आश्रम है जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि उनकी निशानी के रूप में आश्रम का पुनरुद्धार किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

समस्त देशवासियों को
79 स्वतंत्रता दिवस
एवं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आदेश चौहान
विधायक, रानीपुर

सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षा बंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राव आफाक अली
पूर्व उपाध्यक्ष
जिला पंचायत
जनपद हरिद्वार
राव फरमान अली एड.
प्रदेश सचिव
अखिल भारतीय राष्ट्रीय
कांग्रेस सेवादल









MAA SARASWATI PUBLIC SR. SEC. SCHOOL
BAHADRABAD, HARIDWAR (U.K.)
(AFFILIATED TO C.B.S.E. NEW DELHI)
HAPPY INDEPENDENCE DAY
REGISTRATION OPEN FROM NUR. TO U.K.G
Ranked 9th In Uttarakhand Best CBSE Schools "Education Today"*
Website : www.mspsharidwar.com | Email: maa.saraswati8@gmail.com
Ph. No. +91- 8864928928



सभी देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिना डायलिसिस के किडनी फेलियोर रोगियों की विशेष अनुसंधान एवं रिसर्च के द्वारा सफल चिकित्सा
24 Hours Emergency
Website: www.lifelinesuperspecilityhospital.in | E-mail: drasifali7lifelinehrd@gmail.com
विशेष चिकित्सा :–
★ किडनी फेलियोर ग्रेड–1 ★ किडनी फेलियोर ग्रेड–2
★ किडनी फेलियोर ग्रेड–3 ★ किडनी फेलियोर ग्रेड–4
★ किडनी फेलियोर ग्रेड–5
★ ई.एस.आर.डी.
डॉ. आसिफ अली एम.डी.
कन्सलटेन्ट आयुर्वेदिक नेफ्रोफिजिशियन
पूर्व ईन्टर्न–राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंगलौर जिला एच.एम.जी., हरिद्वार
लाईफ लाईन सुपर स्पेशलिटी एण्ड के.जी.एन. मेडिकल सैन्टर
इमरजेन्सी सुविधायें अल्ट्रामाडर्न आई.सी.यू. (विद वेन्टिलेटर, फाईव पेरा मोनिटर, सिरिंज पम्प, डिफेब, बाई पैप, सेन्ट्राईज्ड ऑक्सीजन सप्लाई)
डायलेसिस यूनिट डायलेसिस मशीन फोर नॉर्मल पेशेन्ट, डायलेसिस मशीन फोर हेपीटायटिस सी, जनरल सर्जरी डिपार्टमेन्ट (शल्य विभाग)
सभी प्रकार के लैप्रोस्कोपिक एवं ओपन सर्जरी 1. पित्त की थैली का ऑप्रेशन 2. गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन, 3. गद्द का ऑप्रेशन 4. रसौली का ऑप्रेशन 5. कटी हुई आंत का ऑप्रेशन, 6. अपेन्डिक्स का ऑप्रेशन
अन्य सुविधायें: X-Ray, ECG, PFT, श्वास रोगियों की कम्प्यूटराईजड जांच, LAB, Medical Store, ICU, NICU, DIALYSIS
पी.ए.सी. रोड, निकट टिहरी विस्थापित कॉलोनी, ग्राम रानीपुर हरिद्वार (उत्तराखण्ड) – 249407
मो.– 9412941190, 7895806127, 7078941190, 9997172761



सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं
समाजसेवी रमेश
ठेकेदार, धनपुरा

सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं
ठेकेदार अमीरचन्द
उर्फ गोपी धनपुरा

ग्रामीण इण्डेन गैस एजेंसी
लक्सर रोड धनपुरा, हरिद्वार
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप सैनी

सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील कुमार
समाजसेवी
धनपुरा, जिला हरिद्वार

## शुभकामना संदेश

79वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत, हरिद्वार की ओर से सभी जनपद/प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें, जिला पंचायत, हरिद्वार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तराखण्ड शासन एवं जनपद स्तर से प्राप्त होने वाले अनुदानों के सापेक्ष ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं के दृष्टिगत ग्रामीण सी0सी मार्गो, खण्डजा मार्गो, इण्टरलाकिंग सड़कों एवं इन सड़कों के साथ–साथ स्वच्छता के दृष्टिगत नालियों का निर्माण एवं यात्री शैडों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्यो का प्रतिवर्ष सम्पादन करवाती है। विकास खण्ड स्तरों से प्राप्त पोलीथीन प्लास्टिक, कूड़े का प्रति विकास खण्ड में स्थापित कॉम्पेक्टर शैडों के माध्यम से निस्तारण जनपद के मजाहिदपुर सतीवाला में स्थापित प्रदेश स्तरीय प्लास्टिक वेस्ट रिसाईक्लिंग प्लांट का नियमित संचालन तथा प्रतिवर्ष विश्वप्रसिद्ध कांवड मेले की अवधि में कांवड पटरी मार्गो पर कांवड़ यात्रियों के सुविधार्थ सभी प्रसाधन/स्नान आदि की सुविधाओं के साथ–साथ इस अवधि में एकत्रित पॉलीथीन, प्लास्टिक, कूडे का समुचित निस्तारण किया जाता है। साथ ही समय–समय पर जिला पंचायत सभी जनपद वासियों से मच्छर जनित संक्रामक बीमारियों डेगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों के पालन का अनुरोध करने के साथ ही समस्त जनपद वासियों से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वागीण विकास हेतु जिला पंचायत के समस्त प्रकार के देय करों, लाईसेंस शुल्कों एवं अन्य देयकों का यथा समय भुगतान करने का भी अनुरोध करती है।

(संजय खण्डूडी) — अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत हरिद्वार
राजेन्द्र सिंह (किरण चौधरी) — अध्यक्ष, जिला पंचायत, हरिद्वार

गणपति फार्म हाउस
किसान पेट्रोल पम्प
बहादराबाद की ओर से
सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
ललित
चौहान
(नीलू)

Spring Field School
BAHADRABAD, HARIDWAR
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi) Affiliation no. 3530396
Bahadrabad, Haridwar (UK) Pin: 249402, Ph.: 01334-292138
HAPPY INDEPENDENCE DAY



सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं
रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पप्पू सिंह
पाटिल
ग्राम प्रधान
सलेमपुर, जनपद हरिद्वार

# कार्यालय नगर निगम हरिद्वार

## अपील

सभी क्षेत्रवासियों को नगर निगम हरिद्वार की ओर से 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए इस अवसर पर नगर निगम हरिद्वार आपसे अपील करता है कि आप–

• अपने घर एवं प्रतिष्ठान का ठोस अपशिष्ट गीला व सूखा कूड़ा पृथक–पृथक नगर निगम के डोर–टू–डोर स्वच्छता वाहन को ही दें। • नगर निगम हरिद्वार द्वारा स्वच्छता कार्यो, डोर–टू–डोर सेवा हेतु उपभोक्ता शुल्क यूजर चार्ज के रूप में समय से देने का कष्ट करें एवं शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। • सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करे और न ही दूसरो को करने दे। कपडे, कागज अथवा ट के बने बैगो/ थैलो का प्रयोग करें। • नाले/नालियों पर अतिक्रमण न करे व उनके अंदर कूड़ा आदि न डालें। • गंगा नदी व घाटो के पास गंदगी न फैलाये न किसी को फैलाने दे। • खुले में शौच न करे, शौचालयो का प्रयोग करें।

(नन्दन कुमार)
नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार

(किरण जैसल)
महापौर, नगर निगम हरिद्वार

सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव शर्मा
अध्यक्ष
शिवालिकनगर पालिका परिषद
जनपद हरिद्वार